डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया





# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-11 अंक-36 प्रयागराज, रविवार 04 सितम्बर 2022 से शनिवार 10 सितम्बर 2022 तक पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

सिनेमा:अंजलि अरोड़ा का संस्कारी अंदाज नहीं आया ट्रोल्स को रास 8)

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- रूस यूक्रेन युद्ध पर भारत के स्वतंत्र रुख को विश्व ने सराहा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**अहमदाबाद।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन युद्ध पर भारत के स्वतंत्र रुख और चीन द्वारा सीमा (वास्तविक नियंत्रण रेखा) के पास 'सैनिकों की तैनाती' के बाद भारत के दृढ़ रुख की पूरे विश्व ने सराहना की है। 'भारतीय विदेश नीतिः परिवर्तनकारी दशक' पर भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम), अहमदाबाद में व्याख्यान देते हुए उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध पर स्वतंत्र रुख अपना



कर भारत ने कई देशों की भावनाओं को व्यक्त किया है। इस तरह की परिस्थितियों में देशों पर कोई एक पक्ष चुनने का भारी दबाव रहता है। जयशंकर ने कहा कि हमने स्वतंत्र रुख अपनाया है, हमने अपने लोगों की भलाई के दृष्टिकोण से जो सही समझा, वही फैसला लिया है, इस बात की पूरी दुनिया ने सराहना की है। जयशंकर ने कहा, दो साल पहले महामारी के बीच चीन ने समझौते का उल्लंघन करते हुए सीमा के करीब सैनिक तैनात कर दिए। हम अपने रुख पर कायम रहे और दो साल से हम उस पर काम कर रहे हैं, कोई नरमी नहीं बरत रहे हैं। वैश्विक समुदाय ने देखा कि भारत जमीनी स्तर पर मजबूत और अपने हितों को सामने रखने में मुखर भी हो सकता है। जयशंकर ने कहा, जिस तरह से भारत ने कोरोना महामारी का सामना किया और टीकाकरण अभियान चलाया, डिजिटल इंडिया का उदय, अक्षय ऊर्जा का केंद्र बनना, आर्थिकी का पुनरोद्धार और यूक्रेन में फंसे छात्रों की वापसी ने देश की छवि को मजबूत किया है।

### असम में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान, एक और मदरसा ध्वस्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**तेजपुर।** असम केसोनितपुर जिले में 330 एकड़ सरकारी भूमि को खाली कराने के लिए शनिवार को बड़ा अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी मशीनों की मदद से अवैध तरीके से बनी सभी इमारतों को गिरा दिया गया। इनमें एक मदरसा भी शामिल है जबकि स्थानीय लोगों की अपील पर प्रशासन ने दो मस्जिदों को छोड़ दिया। इन लोगों ने मस्जिदों के लिए मोहलत मांगते हुए कहा कि वे लोग



इन्हें खुद हटा देंगे। इस जमीन पर खड़ी जूट की फसल को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया। ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी तट पर बसे बारछल्ला के नंबर-3 चितलमाड़ी क्षेत्र में बने मकानों को गिराने की कार्रवाई सुबह लगभग छह बजे शुरू हुई। इस कार्य में बुलडोजर और अन्य भारी मशीनों का प्रयोग किया गया। इस मामले में सोनितपुर के उपायुक्त देब प्रसाद मिश्रा ने कहा कि जमीन खाली कराने का पूरा अभियान शांतिपूर्ण रहा। लोग पहले से ही वहां से जा चुके थे। इसके चलते कार्रवाई करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कब्जा करने वाले अधिकतर लोग खेती करते हैं। उन्होंने अपनी जूट की फसल तैयार होने तक का समय देने का अनुरोध किया था। खाली कराई गई जमीन पर 100 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने की योजना है।

## देश में फिर घटे कोरोना वायरस के केस

### एक दिन में मिले 6,809 नए मामले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में बीते 24 घंटों में के 6,809 नए मामले सामने आए हैं। एक दिन पहले देश में कोरोना के 7 हजार 219 नए मामले सामने आए थे और 9 हजार 651 लोग ठीक हुए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में पिछले 24 घंटों में 6 हजार 809 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 8 हजार 414 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। इसके अलावा देश में सक्रिय मामलों की संख्या में भी कमी आई है। देश में सक्रिय मामले 55,114 हैं। साथ ही देश में अब तक कुल रिकवरी 4 करोड़ 38 लाख 73 हजार 430 है। वहीं, अब तक देश में 5 लाख 27 हजार 991 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही वैक्सीनेशन का आंकड़ा 213



करोड़ के पार पहुंच गया है। बता दें कि राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 213.01 करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं। 12-14 आयु वर्ग में 4.04 करोड़ से अधिक टीके की पहली खुराक लगाई गई है। इसके अलावा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 201.88 करोड़ से अधिक टीके प्रदान किये गए हैं। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के पास अभी भी 5.73 करोड़ से अधिक अतिरिक्त और बिना इस्तेमाल हुई खुराकें मौजूद हैं। देश में एक सितंबर से लगातार कोरोना के मामले कम दर्ज किए गए हैं। 1 सितंबर को कोरोना संक्रमण के 7,946 नए मामले सामने आए थे, जबकि 9,828 ठीक भी हुए। वहीं, 2 सितंबर को कोरोना वायरस के 6,168 मामले सामने आए थे। इस दौरान 9685 लोग भी कोरोना से ठीक हुए। जबकि 3 सितंबर को 7 हजार 219 नए मामले सामने आए और 9 हजार 651 लोग ठीक हुए और आज देश में 6 हजार 809 मामले मिले हैं।

### इसरो ने अंतरिक्षयान की लैंडिंग की खास तकनीक का किया परीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्षयान की सुरक्षित लैंडिंग की तकनीक का सफल परीक्षण किया है। इनफ्लेटेबल एयरोडायनामिक डीसेलेरेटर (आइएडी) नाम की इस तकनीक की मदद से भविष्य में मंगल व अन्य ग्रहों पर यान की सुरक्षित लैंडिंग कराना संभव हो सकेगा। तकनीक को विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर ने विकसित किया है।




## माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले अरुणाचल प्रदेश के पहले पर्वतारोही तामी म्रा लापता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**ईटानगर।** भारतीय सेना ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के पर्वतारोहण अभियान के दो लापता सदस्यों को खोजने के लिए एक खोज और बचाव अभियान शुरू किया, जिसमें तापी मेरा भी शामिल है, जो अरुणाचल प्रदेश के पहले पर्वतारोही हैं, जिन्होंने माउंट एवरेस्ट को फतह किया है। अभियान के दो सदस्यों का 17 अगस्त से पता नहीं चल पाया है, जैसा कि अभियान के शेष छह सदस्यों द्वारा रिपोर्ट किया गया था, जो 29 अगस्त की शाम को अपने अभियान आधार शिविर से सेपा पहुंचे थे। अरुणाचल प्रदेश के युवा मामलों



के विभाग द्वारा तापी म्रा के स्व-अनुरोध के आधार पर पूर्वी कामेंग जिले में माउंट न्येगी कांगत्सांग के लिए एक पर्वतारोहण अभियान को मंजूरी दी गई थी। तेजपुर के पीआरओ (रक्षा) लेफ्टिनेंट कर्नल ए एस वालिया ने कहा कि सेना के उच्च प्रशिक्षित और प्रेरित विशेष बल और अरुणाचल स्काउट्स टीमों को अभियान क्षेत्र के चुनौतीपूर्ण इलाके में जमीनी तलाशी अभियान के लिए लगाया गया है। पूर्वी कामेंग जिले के उपायुक्त के अनुसार, तापी म्रा और अभियान के एक सदस्य का 17 अगस्त से कोई पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद, अरुणाचल प्रदेश सरकार ने खोज और बचाव अभियान में भारतीय सेना के तेजपुर स्थित गजराज कार्प्स से मदद मांगी है।

### सेना ने शूरू किया आपरेशन

भारतीय सेना ने पहले ही आपरेशन शुरू कर दिया है और दो एएलएच और दो चीता हेलीकाप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा गया है, इनका इस्तेमाल मौसम साफ होने के बाद एक टीम के सदस्यों के साथ क्षेत्र की हवाई टोही के लिए किया जाएगा।रिपोर्टी के अनुसार, 37 वर्षीय तापी म्रा, युवा मामलों के निदेशालय, अरुणाचल प्रदेश सरकार के एडवेंचर प्रमोशन आफिसर (एपीओ), ने पूर्वी कामेंग जिले में स्थित माउंट क्यारीसाटम के लिए एक स्व-अनुरोध के आधार पर इस साल 27 जुलाई को अपना मिशन शुरू किया था। मिशन में तापी म्रा के साथ सात अन्य लोग और भी थे, लेकिन उनमें से तापी म्रा और निकू दाव 17 अगस्त से लापता हैं। तापी मरा और निकू दाव तब से लापता हो गए हैं जब उन्होंने ख्यार सतम चोटी पर चढ़ाई शुरू की थी, जो पूर्वी कामेंग जिले में स्थित समुद्र तल से 4,500 मीटर के आधार शिविर के साथ सबसे ऊंची चोटी में से एक है।

## पीएम शेख हसीना ने की पीएम मोदी की तारीफ, बोले- 'हमें भेजी वैक्सीन छात्रों को भी यूक्रेन से निकाला'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान पूर्वी यूरोप में फंसे बांग्लादेशी छात्रों को निकालने के लिए पीएम मोदी की सराहना की। एएनआई के साथ एक बातचीत में प्रधानमंत्री हसीना ने मोदी सरकार के वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम नागरिकों की मदद की। इनमें से एक बांग्लादेश के छात्रों की यूक्रेन से घर वापसी थी।पीएम शेख हसीना ने कहा कि मैं वास्तव में प्रधानमंत्री को अपना धन्यवाद व्यक्त करना चाहती हूं कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के दौरान हमारे कई छात्र वहां फंस गए थे और वे आश्रय के लिए पोलैंड आए थे।



के तहत पड़ोसी देशों को कोविड-19 वैक्सीन प्रदान करने के फैसले की भी प्रशंसा की।भारत-बांग्लादेश के संबंधों पर दिया जोर इस दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच मतभेद मौजूद हो सकते हैं, लेकिन इन्हें बातचीत के माध्यम से संबोधित किया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में भारत और बांग्लादेश ने ठीक वैसा ही किया है। हालांकि, उन्होंने विशेष प्रशंसा के लिए दो क्षेत्रों को चिन्हित किया। जहां भारत सरकार के समर्थन ने बांग्लादेशी

### पीएम शेख हसीना ने पुरानी बातों को किया याद

इस दौरान पीएम शेख हसीना ने 1971 के युद्ध को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जब हमने अपने परिवार के सभी सदस्यों को खो दिया था। तो तत्कालीन प्रधानमंत्री ने हमें भारत में आश्रय दिया। आप देखें हम पड़ोसी देश एक-दूसरे के कितने करीबी हैं और मैं हमेशा अपने पड़ोसी देशों के साथ दोस्ती को महत्व और प्राथमिकता देती हूं।

## भारत में लगातार बढ़ रहे टोमेटो फ्लू के मामले दर्ज हो रहे नए मामले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में अभी भी कोरोना का कहर और मंकीपाक्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं अब दुनिया में एक नया वायरल हैंड, फुट एंड माउथ डिजीज , जिसे आमतौर पर टोमैटो फ्लू के रूप में जाना जाता है, इसके कई मामले भारत के कई




राज्यों में दर्ज किए जा रहे हैं। कोविड की महामारी अभी समाप्त भी नहीं हुई है कि अब देश टोमेटो फ्लू के मामलों में भारी वृद्धि का सामना कर रहा है, जो आमतौर पर 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित कर रहा है। दिल्ली के आरएमएल अस्पताल के त्वचा विशेषज्ञ भावुक धीर ने कहा कि यह वायरल रोगों के युग की ओर बढ़ने का स्पष्ट संकेत है। धीर ने आइएएनएस से कहा, स्पष्ट रूप से, हम कोविड -19, मंकीपाक्स और अब एचएफएमडी के प्रकोप के साथ वायरल बीमारियों के युग की ओर बढ़ रहे हैं, जैसा कि अतीत में विभिन्न शोधकर्ताओं द्वारा भविष्यवाणी की गई थी। धीर ने कहा, टोमेटो फ्लू एक अलग बीमारी के बजाय एचएफएमडी का एक प्रकार है। यह काक्ससेकी वायरस ए16 (एक नान-पोलियो एंटरोवायरस) के कारण होता है, जो अत्यधिक संक्रामक है और नाक, गले, फफोले से तरल पदार्थ और फेकल-ओरल मार्ग से स्राव के माध्यम से फैलता है।उन्होंने कहा कि ज्यादातर मामलों में, यह एक हल्का आत्म-सीमित वायरल रोग (स्त्ेि तस्रूग्ह नैंत्ेगी) है और इसके ठीक होने के लिए सहायक देखभाल की आवश्यकता होती है। कुछ में मेनिन्जाइटिस और प्रसार संक्रमण जैसी जटिलताएं हो सकती हैं। पिछले महीने, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टोमेटो फ्लू पर दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें यह बताया गया था कि इसके उपचार के लिए लोगों को एक अलग कमरे में रहना चाहिए। जलन और चकत्ते से राहत के लिए आराम, बहुत सारे तरल पदार्थ और गर्म पानी के स्पंज जैसी अन्य वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। बुखार और शरीर में दर्द के लिए पैरासिटामोल की आवश्यकता होती है। मंत्रालय के दिशानिर्देशों में कहा गया है कि टोमेटो फ्लू एक आत्म-सीमित संक्रामक बीमारी है क्योंकि लक्षण कुछ दिनों के बाद ठीक हो जाते हैं। ऐसा लगता है कि यह रोग तथाकथित एचएमएफडी का एक नैदानिक रूप है जो स्कूल जाने वाले बच्चों में आम है। दिशानिर्देशों में कहा गया है, लंगोट के इस्तेमाल, अशुद्ध सतहों को छूने और चीजों को सीधे मुंह में डालने से शिशुओं और छोटे बच्चों को इस संक्रमण का खतरा होता है। एचएफएमडी मुख्य रूप से 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में होता है, लेकिन यह वयस्कों में भी हो सकता है।

## किरेन रिजिजू ने जस्टिस बी एन श्रीकृष्ण पर साधा निशाना

### कहा- पीएम को गाली देने वाले अभिव्यक्ति की आजादी पर उठाते हैं सवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी एन श्रीकृष्ण की टिप्पणी पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि जो लोग बिना किसी प्रतिबंध के एक लोकप्रिय निर्वाचित प्रधानमंत्री को गाली देते हैं, उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी की कमी महसूस हो रही है। दरअसल जस्टिस बी एन श्रीकृष्ण ने अभिव्यक्ति की आजादी की कमी को लेकर टिप्पणी की थी। किरेन रिजिजू ने कहा कि जो हमेशा प्रधानमंत्री को अपशब्द कहते हैं। वे अभिव्यक्ति की आजादी पर सवाल उठा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'वे लोग जो हर समय बिना किसी प्रतिबंध के लोकप्रिय निर्वाचित प्रधानमंत्री को गाली देते हैं, वे अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर रो रहे हैं। वे कभी भी कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए गए आपातकाल के बारे में बात नहीं करेंगे और न ही कुछ क्षेत्रीय पार्टी के मुख्यमंत्रियों की आलोचना करने की हिम्मत करेंगे।' बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ने एक साक्षात्कार में कहा था कि आज चीजें बदल गई हैं और स्थिति बहुत खराब है। जस्टिस बी एन श्रीकृष्ण ने कहा, 'मुझे ये समझना होगा कि अगर मैं



किसी सार्वजनिक जगह पर खड़ा होकर कहूं कि मुझे प्रधानमंत्री पसंद नहीं है, तो कोई मुझ पर छापा मार सकता है। मुझे गिरफ्तार कर सकता है। मुझे बिना कोई कारण बताए जेल में डाल सकता है।' केंद्रीय मंत्री ने इस मामले को लेकर शनिवार को सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि उन्हें नहीं पता कि सुप्रीम कोर्ट के किसी पूर्व जज ने वास्तव में ऐसा कहा है या नहीं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, 'अगर यह सच है तो यह बयान अपने आप में उस संस्थान को नीचा दिखाने वाला है जिसमें उन्होंने सेवा दी है।'

## कामनेवल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वालीं नयनमोनी सैकिया बनीं डीएसपी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नयनमोनी सैकिया को पुलिस उपाधीक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र और 50 लाख रुपये का चेक सौंपा। बता दें, असम सरकार ने ओलंपिक, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के विजेताओं को प्रथम श्रेणी की सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। असम सरकार ने 2021 में एक कैबिनेट बैठक में राष्ट्रीय खेलों के विजेताओं को तृतीय श्रेणी की नौकरी और मान्यता प्राप्त विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेताओं को द्वितीय श्रेणी की सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया था। मुख्यमंत्री से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, सैकिया, जिन्होंने लान बाल्स में वूमेन्स फोर्स इवेंट के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर स्वर्ण पदक जीता था, ने असम सरकार की खेल नीति की सराहना की और कहा कि वह अच्छा प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं खुश महसूस कर रही हूं। असम सरकार ने एक अच्छी खेल नीति बनाई है। मुझे उम्मीद है कि नई पीढ़ी खेलों की ओर आकर्षित होगी। हम अच्छा खेलते रहने की कोशिश करेंगे।



### मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर दी जानकारी

इस बीच, मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, 'अर्जुन भोगेश्वर बरुआ की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए आयोजित खेल पेंशन दिवस समारोह में भाग लेकर खुशी हुई। चार प्रसिद्ध खिलाडियों को 50,000 रुपये की एकमुश्त सहायता प्रदान की, जबकि चार अन्य को हर महीने 10,000 रुपये नियमित खेल पेंशन मिलेगी।'उन्होंने आगे कहा, 'चार एनसीसी कैडेटों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीर चिलरई पुरस्कार भी दिए, जिसमें 25,000 रुपये की राशि शामिल है। इसके अलावा, नयनमोनी सैकिया, जिन्होंने हाल ही में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीता, को 50 लाख रुपये दिए और डीएसपी नियुक्त किया गया है।'

### भारत ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में 17-10 से हराया

भारतीय लान बाल्स टीम ने 2 अगस्त को बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में वूमेन फोर्स इवेंट के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर स्वर्ण पर कब्जा करते हुए, खेल में अपना पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक मैच में भारत का प्रतिनिधित्व रूपा रानी तिर्की, नयनमोनी सैकिया, लवली चौबे और पिंकी सिंह ने किया। भारत ने यह मैच 17-10 से जीता था।



# तीज महोत्सव पर महिलाएं हुई पुरस्कृत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** महिला सशक्तिकरण व स्वावलम्बन हेतु सतत् प्रतिबद्ध राष्ट्रीय सामाजिक संगठन जूही सेवा संस्थान कर सम्मानित किया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेविका सीता देवी निषाद ने बताया कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में




ने महिला सेवा सदन महाविद्यालय, प्रयागराज के प्रांगण में छात्राओं व अध्यापिकाओं भारी संख्या में तीज महोत्सव के अंतर्गत सौंदर्य व मेंहदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने प्रतिभा का परिचय दिया! मिशन शक्ति व महिला उत्थान हेतु सदैव तत्पर जूही सेवा संस्थान की अध्यक्ष जूही श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं व अध्यापिकाओं को अभिनंदन पत्र व विभिनन्‍ पुरूस्कारों से पुरस्कृत स्वयं को स्थापित कर राष्ट्र के प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित स्कूल की प्रोफेसर पार्वती सिंह. प्रोफेसर रूबी वर्मा. प्रोफेसर इच्छा नायर .और आराधना कुमारी. सपना श्रीवास्तव शालिनी जी जिसमें छात्राओं में प्रथम स्थान रिंकी द्वितीय करिश्मा सोनकर तृतीय स्थान आकांक्षा भारतीय सहित अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं !

# महानगर उद्योग व्यापार मंडल में महिला उद्योग व्यापार मंडल का नेतृत्व

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** व्यापारियों की प्राचीनतम संस्था प्रयागराज जिला/महानगर उद्योग व्यापार मंडल में महिला उद्योग व्यापार मंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष के रूप में करेंगी जूही जयसवाल जिला महानगर उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी में आम बहुमत से यह निणन्य लिया गया, संरक्षक/महानगर अध्यक्ष श्री राजीवकृष्ण श्रीवास्तव बंटीभैया के निर्देश पर जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा ने महिला जिला अध्यक्ष के रूप में उनके नाम का प्रस्ताव रखा जिसका अनुमोदन महानगर वरिष्ठमहामंत्री निखिल पांडेय, कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी, युवा महानगर अध्यक्ष गौरव करवरिया, महामंत्री अंकित गुप्ता, पंकज कुमार श्रीनेत्र इंजी0 कुलदीप केसरवानी, महिला व्यापार मंडल से श्रीमती भावना गौर, वन्दना पाण्डेय, ममता कल्पना गुप्ता,डॉक्टर रश्मि सिंह , नीलम प्रसाद,नीलू शर्मा, प्रीति पांडेय,निशा मिश्रा, रितु सिंह मंडवी ने की, नवनियुक्त महिला जि.लाध्यक्षा जूही जयसवाल जी को बधाई देने वालों में प्रमुख पदाधिकारीयो में राजीवकृष्ण श्रीवास्तव, अनूप वर्मा, महामंत्री निखिल पांडेय,अनिल दुबे,राजेश केसरवानी,कुमार नारायण समाज सेवी पूर्व पार्षद गौरव गुप्ता सत्य कुमार त्रिपाठी,तरुण प्रताप सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, राजेंद्रअग्रवाल मुनीमजी, पूर्व पार्षद अवनीश शुक्ला, युवा नगर अध्यक्ष गौरव करवरिया महामंत्री अंकित गुप्ता, आशीष केसरवानी, बर्जेश चौरसिया,राजेंद्र चौरसिया, आलोक जयसवाल प्रदीप केसरवानी अभिषेक केशरवानी विशाल वर्मा, सूरज जयनारायण,प्रशांत शर्मा,विवेक खनन,हिमांशु मिश्रा अरशद बालू,संदीप जयसवाल नीरज साहू,विक्की जौहरी,विशाल पाठक,सोनू भरद्वाज,मोनू जोहरी,विकास केशरवानी,हाजी मोहम्मद कयूम,मुकेश गुप्ता,संजय रस्तोगी,विजय रावत,संजय वर्मा,सुभाष सोनी,आदि लोग थे।

# प्रतापगढ़ का एक और सितारा फिल्म जगत में दे रहा है अपना योगदान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** विकास खंड सँड़वा चण्डिका के छतरपुर गाँव के अभिषेक गुप्ता ने एक छोटी उम्र में अपनी फिल्मी यात्रा की शुरूआत की।आज उन्होंने अपने परिवार के समर्थन और अपने बूते से फिल्म जगत में बहुत कुछ हासिल किया है। फिल्म स्टार अभिषेक का कहना है उन्हें खुशी है कि वह टीवी उद्योग में 9साल से काम करते हुए अपना सर्वोत्तम योगदान प्रदान कर रहे हैं।छोटी उम्र में अपनी यात्रा शुरू करके विभिनन्‍ उत्पादन घरों के साथ काम करने में वह कामयाब रहे। हर उत्पादन घर से बहुत कुछ सीखा।सावित्री (फ्लाइंग टर्टल), लौत आओ त्रिशा (24 फ्रेम्स), इश्क किल्स (राउडी रास्कल्स), भावनात्मक अटैचर, सिंघसन बत्तीसी (क्रिएटिव आई), सेवा वाली बहू (ग्राम बॉय प्रोडक्शंस), अकबर बीरबल (त्रिकोण फिल्म्स), घाटोटकाच (कोठारे विजन प्रोडक्शन), तेरा बाप मेरा बाप,पार्टनर्स धारावाहिक उनके प्रमुख धारावाहिक हैं।हमेशा अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ समय दिया है। उत्पादन घरों ने भी उनके काम की सराहना की है और जीवन में अवसर दिए हैं।अभिषेक ने आगे बताया आज टीवी इंडस्ट्री के कई बेहतरीन सेलेब्स के साथ वह काम कर रहे हैं, हालांकि 9 साल पहले अपना शहर छोड़कर मुंबई में जगह बना पाना आसान नहीं था। पिता की इंडस्ट्री के बारे में धारणा कुछ सकारात्मक नहीं थी, जिससे वो चाहते थे कि अभिषेक घ्ळ्घ् की पढ़ाई पूरी कर नौकरी करें, लेकिन अभिषेक नहीं माने। सोशल मीडिया पर मिले चंद दोस्तों की बदौलत अभिषेक को मुंबई में रहने की जगह और काम तो मिला,लेकिन साथ ही मिले बुरे ऑफर।वही ऑफर जिसे आम भाषा में कास्टिंग काउच कहा जाता है। अभिषेक ने स्ट्रगल के दिनों में ऑफर ठुकराए और जगह बनाई।

# मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने हेरीटेज बिल्डिंग इमामबाड़ा, घंटाघर ,दर्शन विलास, कोठी गुलिस्ताने इरम का किया औचक निरीक्षण

## रूमी दरवाजा के सामने गुलाब वाटिका में टूटे हुए स्थानों को तत्काल संबंधित अधिकारी मरम्मत/सौन्दर्यीकरण कराएं-मंडलायुक्त

(आधुनिक समाचार सेवा)
**लखनऊ।** 26 अगस्त 2022 (सूचना विभाग), मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने हेरीटेज बिल्डिंग इमामबाड़ा, रूमी दरवाजा, घन्टाघर, दर्शन विलास, कोठी गुलिस्ताने इरम का औचक निरीक्षण किया। रखाव अच्छे से करें और इसके पानी की सफाई करा ले एवं इसको जल्द से जल्द चालू कराएं, इसके आसपास फूड कोड, लाइटिंग, शौचालय, मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साइनिंग बोर्ड वाटिका में टूटे हुए स्थानों को तत्काल संबंधित अधिकारी मरम्मत/सौन्दर्यीकरण करायें, साथ ही साथ गुलाब के नये पौधे लगवाना सुनिश्चित करें। ड्रैनेज की साफ-सफाई और उसके आस-पास के जगहों का सौन्दर्यीकरण,



निरीक्षण के दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री इंद्रमणि त्रिपाठी, लखनऊ स्मार्ट सिटी के अधिकारी, हुसैनाबाद ट्रस्ट के पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। स्मार्ट सिटी द्वारा कराए जा रहे कार्यों और कराए जाने वाले कार्यों के बारे में स्मार्ट सिटी अधिकारी द्वारा पूरी जानकारी दी गयी। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने कहा कि पूरे एरिया को प्लानिंग के तहत डेवलप (विकसित) करें। साथ ही साथ पिक्चर गैलरी के सामने बने फाउंटेन के साफ-सफाई, रख-भी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बैठने के लिए सौन्दर्यीकरण के तहत अच्छे से बेंच बनवाएं और घंटा घर पर फसाद लाइटिंग अच्छे से करें। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि रूमी दरवाजा के सामने पड़े खाली मैदान को ग्रीन पार्क के रूप में डेवलप किया जाएगा। तांगे स्टैण्ड को सुविधाजनक बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मण्डलायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि रूमी दरवाजा के सामने गुलाब टूरिस्ट सुविधा बढ़ाने, नागरिक व्यवस्था बढ़ाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये। वहां पर उपस्थित हुसैनाबाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों से संवाद किया गया और कौन-कौन से कार्य किए जाने हैं इसकी जानकारी आयुक्त लखनऊ ने लिया। इसके पश्चात दर्शन निवास कोठी गुलिस्ताने इरम का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी से कहा कि इन बिल्डिंगों में भी फसाड़ लाइटिंग और सौंदर्यीकरण करा लिया जाए।

# पाक्सो अधिनियम के तहत दोषी पर 2.77 लाख का अर्थदण्ड एवं आजीवन कारावास की सजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** संयुक्त निदेशक अभियोजन हवलदार सिंह ने बताया कि अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने फैसल पुत्र इसरार व मोहम्मद नवाब अली पुत्र स्व0 के अनुसार घटना 10 दिसम्बर 2021 की रात साढ़े नौ बजे की है उसकी 13 वर्षीय लड़की पीड़िता शौच के लिये पास के खेत की तरफ गई थी तभी वहाँ अचानक उसके गाँव के बाल अपचारी सुत अब्बास,फैसल सुत इसरार तथा नवाब अली सुत स्वर्गीय पीड़िता ने न्यायालय में आकर बयान दिया कि घटना के समय उसकी उम्र 13 वर्ष थी, घटना दिनांक 10 दिसम्बर 2021 को रात दस बजे शौच के लिये खेत में जा रही थी वहाँ बाल अपचारी, फैसल व नवाब पीछे से आये और मेरा मुँह दबाकर अब्बास के घर ले



मोहर अली निवासीगण पठकौली सराय इन्द्रावत थाना जेठवारा को नाबालिक के अपहरण व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दोषी पाते हुये प्रत्येक को आजीवन कारावास (जो अभियुक्त की शेष प्राकृतिक जीवन काल तक के लिये) तथा अभियुक्त नवाब को 2 लाख 16 हजार रूपये अर्थदण्ड तथा फैसल को इक्सठ हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की राशि पीड़िता को उसके चिकित्सकीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा पुनर्वास हेतु प्रदान किया जायेगा।वादिनी मुकदमा मौहर अली अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर आये और उसकी लड़की को जबरन उठाकर ले जाने लगे,हल्ला गुहार की आवाज पर जब प्रार्थिनी व उसके परिजन दौड़े तो उक्त लोग उसकी लड़की को लेकर भाग गये। काफी तलाश करने के बाद भी लड़की का कुछ पता नहीं चल सका। काफी तलाश करने के बाद बाल अपचारी व फैसल को किसी तरह ढूँढ़ा गया तो आरोपीगण बाल अपचारी व फैसल ने कहा कि लड़की को मैं ले गया था।रात करीब साढ़े ग्यारह बजे तक वह मेरे पास थी।इसके बाद वह कुछ बताने को तैयार नहीं हुआ। गये। फैसल ने मेरा पैर पकड़ा, नवाब ने पैर से मेरा हाथ दबा दिया और हाथ से मेरा मुँह दबा दिया तब बाल अपचारी ने मेरे साथ गलत काम किया,उसके बाद मैं बेहोश हो गई जब मुझे होश आया तो मैं अपनी दादी के कमरे में बंद थी।दरवाजा खटखटाया तब दरवाजा खुला। बाल अपचारी की पत्राववली किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है। राज्य की और पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेन्द्र चन्द्र त्रिपाठी व अशोक कुमार त्रिपाठी ने की।

# अस्पतालों में डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय-प्रमुख सचिव

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं अल्पसंख्यक विभाग/नोडल अधिकारी हिमांशु कुमार ने विकास भवन के सभागार में राज्यमंत्री पर्यावरण, जन्तु,उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के 07 जून 2022 एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा दिनांक 11 जून 2022 को अपने में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति एवं डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, हैण्डपम्प रिबोर, जल जीवन मिशन, गड्ढामुक्ति, पीएम स्वनिधि योजना, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय का निर्माण एवं कानून व्यवस्था पर दिये गये निर्देश के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होने निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभाग अनुपालन आख्या में निश्चित समय सीमा का उल्लेख तथा उन पर सोलर पैनल भी लगवाया जाये। बैठक में सहायक परिवहन अधिकारी सूचना के बावजूद अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा कारण बताओं नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया। प्रमुख सचिव ने कहा कि अपूर्ण परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाये।प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया द्वारा



जनपदीय भ्रमण के समय विकास कार्यक्रम एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्री द्वारा भ्रमण के समय आयोजित बैठकों में दिये गये निर्देशों के विभागीय अधिकारियों के साथ बिन्दुवार समीक्षा की गयी।प्रमुख सचिव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, गोशाला के रख-रखाव, कायाकल्प योजना के अन्तर्गत विद्यालयों का संतृप्तीकरण, पीएचसी/सीएचसी पर डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, नगर पालिका/नगर पंचायतों अवश्य करें और उस समय सीमा के अन्तर्गत कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाये।उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पतालों में डाक्टर एवं पैरामेडिकल की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करें तथा तय समय सीमा के अन्तर्गत उसे पूर्ण करायें। कार्यदायी संस्थाओं को भी उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में डीपीआर में दी गयी समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण किया जाये। सरकारी भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था करायी जाये अवगत कराया गया कि 10 करोड़ के ऊपर की सभी परियोजनाओं की टास्क फोर्स बनाकर गुणवत्ता की जांच करायी गयी है, नियमित रूप से अपूर्ण परियोजनाओं का अनुश्रवण किया जा रहा है। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्यासागर मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, उप निदेशक कृषि डा0 रघुराज सिंह, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाँदा जिले की होनहार बेटी नेहा कश्यप ने मिस्टर एंड मिस इंडिया किंग एंड क्वीन ऑफ द ईयर 2022 के शो में किया जजमेंट

## प्रतिभागियों ने खूब पसंद किया नेहा कश्यप

(आधुनिक समाचार सेवा)
**बाँदा।** जिले से नेहा कश्यप मॉडल एवम अभिनेत्री विजेता मिस बुंदेलखंड ने 28 अगस्त को झांसी में अपनी कला के प्रदर्शन के साथ साथ दूर दूर से आये प्रतिभागियों को जज भी किया । सभी ने नेहा की काफी सराहना की एस.के अकादेमी ऑफ आर्ट सोसाइटी द्वारा झांसी स्थित न्ज्



होटल ढ में किया गया। इस ऑडिशन में 4 साल से 45 साल तक के तकरीबन 115 प्रतिभागियों ने अपने अपने हुनर के जल्वे दिखाए। किसी ने सिंगिंग की तो किसी ने डांस किया तो कीसी ने एक्टिंग में डायलॉग बोले मॉडलिंग में तो काफी लड़कियों ने रेम्प पर वाक के साथ साथ अपना टेलेंट दिखा कर जजेस का दिल जीत लिया साथ मे ऑडियंस ने भी खूब इंजॉय किया। मिसेज केटेगेरी में भी काफी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस ऑडिशन में प्रतिभागी कानपुर, ईलाहाबाद, सागर, बाँदा, ग्वालियर, महोबा, औराई, लखनऊ, ललितपुर, झांसी आदि इंडिया के कोने कोने से यहाँ आ कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस ऑडिशन के जजेस थे बॉलीवुड एक्टर सुंदर लिखार, मिस बुंदेलखंड नेहा कश्यप, ज्योति वर्मा जूनियर पराक्रम प्रताप सिंह, हेड जूरी रहे डायरेक्टर मिस्टर समीर खान रहे जूरी मेम्बर में मिस नेहा कश्यप झांसी में स्थित होटल रेजीडेंसी क्लब स्टेशन रोड मैं 28 अगस्त 2022 ऑडिशन जिसमें निर्णायक के तौर पर नेहा कश्यप उपस्थित रही।

# उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान हेतु करें आवेदन15 अक्टूबर तक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ख्यातिलब्ध महानुभावों को उ0प्र0 गौरव सम्मान प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान कला एवं संस्कृति, कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, साहित्य, शिक्षा, खेल, समाजसेवा, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, ग्राम विकास आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुये राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले ख्यातिलब्ध महानुभावों को उ0प्र0 सरकार द्वारा उ0प्र0 गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान हेतु वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये, विभिनन्‍ विधाओं/कार्य क्षेत्रों के ऐसे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त महानुभाव जिन्होने अपनी प्रतिभा, दीर्घ साधना के आधार पर श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त की है, जिन्होने देश एवं विदेश में उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया हा, राज्य सरकार अथवा भारत सरकार से पूर्व में किसी अन्य राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार अथवा सम्मान प्राप्त महानुभाव को सामान्यतया इस पुरस्कार की पात्रता परिधि में नही रखा जायेगा। उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरकर जनपद के जिलाधिकारी से अग्रेसित कराकर दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को सायं 5 बजे तक संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, नवम तल लखनऊ 226001 के पते पर अवश्य भेज दें।आवेदन पत्र निदेशक संस्कृति उ0प्र0 के कार्यालय में आनलाइन/ऑफलाइन दोनों माध्यम से दिये जा सकते हैं। उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान नामांकन हेतु निर्धारित प्रारूप जिला सूचना कार्यालय प्रतापगढ़. से अथवा संस्कृति विभाग की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता हैं।

# गांव समेत प्रयागराज के 5 गांवों की बदलेगी तस्वीर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह का पैतृक गांव प्रयागराज में है। उनका गांव मांडा खास अब टाउन एरिया होगा। नगर पंचायत बनने के बाद प्रयागराज के पांच गांवों की तस्वीर बदल जाएगी। इन गांवों के लोगों को नगरीय सुविधाएं मिलेंगी, उनका जनजीवन नगरीय हो जाएगा। बिजली भी नगरीय रोस्टर के मुताबिक मिलेगी। इसी तरह नल से जल और इंटरलाकिंग व नाली आदि की सुविधाएं मिलेंगी। सड़कों और गलियों में स्ट्रीट लाइट लगेगी। चौराहों पर हाईमास्ट लगेंगे। सफाईकर्मी तैनात होंगे जो रोज गली-मोहल्लों में सफाई करेंगे। अब प्रयागराज में 12 नगर पंचायतें होंगी : मांडा खास, करछना, बड़ोखर, सोरांव व बरौत को नगर पंचायत बनाए जाने से जिले में अब 12 नगर पंचायतें हो जाएंगी। अभी तक फूलपुर, मऊआइमा, सिरसा, कोरांव, लालगोपालगंज, शंकरगढ़, हंडिया व भारतगंज ही नगर पंचायत थीं।



फूलपुर जिले की पहली नगर पालिका होगी : फूलपुर नगर पंचायत अब जिले की पहली नगर पालिका होगी। कोरांव क्षेत्र में स्थित बड़ोखर गांव की आबादी इस समय 20 हजार से ज्यादा है। मध्य प्रदेश की सीमा के पास स्थित इस गांव में 15 वार्ड हैं। हंडिया में प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित बरौत ग्राम पंचायत की आबादी लगभग 21 हजार है। यहां भी 15 वार्ड है। लगभग पांच किमी इसका भौगोलिक क्षेत्रफल है।पूर्व पीएम वीपी सिंह के गांव की आबादी 17 हजार : मांडा खास गांव में 17 हजार से ज्यादा की आबादी निवास करती है। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह का यह गांव है। इस गांव में भी 15 वार्ड हैं। करछना ग्राम सभा की आबादी 12 हजार से ज्यादा है। फूलपुर नगर पंचायत की आबादी 27 हजार के करीब है। इसमें 15 नगरीय वार्ड हैं। नगर पंचायत का दर्जा मिलने से पांचों गांव के लोगों का जनजीवन नगरीय हो जाएगा। उन्हें नगरीय सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

# जिला मजिस्ट्रेट ने 03 गुण्डों को किया जिला बदर एवं 01का शस्त्र लाइसेंस निरस्त

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रां में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे 03 व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होंने थाना मानिकपुर ग्राम कुशाहिलडीह के अजीत यादव उर्फ लालचन्द्र यादव पुत्र छोटेलाल यादव व बुदुन उर्फ गुलाबचन्द्र यादव पुत्र छोटेलाल यादव तथा थाना कुण्डा ग्राम करीमनगर के नारेन्द्र पुत्र शारदा प्रसाद को 06 माह के लिये जिला बदर किया है। इसके अलावा जनपद के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रियाकलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तों का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये थाना कोहड़ौर ग्राम लाखीपुर (बोझवा) के रमेश कुमार यादव पुत्र जगननथ यादव के शस्त्र लाइसेंस डीबीबीएल को जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने निरस्त कर दिया है।

# मण्डल रेल प्रबंधक ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों समेत वाराणसी-प्रयागराज के बीच स्टेशनो का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दिए मातहतों को कड़े निर्देश, यात्री सुविधा के लिए दिया बल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय ने अपने निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज बुधवार को निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से बनारस-प्रयागराज रामबाग रेल खण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया। इस संरक्षा निरीक्षण क्रम में मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने सुबह- सुबह इस रेल खण्ड पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों समेत सफाई,रख-रखाव, यात्री सुख सुविधाएं,पीने का पानी,शौचालय,प्रतीक्षालय, टिकट काउंटरों,दिव्यांग यात्रियों हेतु रैम्प,वाटर बूथ एवं शौचालय आदि का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने संरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त स्टेशनों के स्टेशन सेक्शन के समपार फाटक तथा स्टेशन पर गाड़ियों के संरक्षित परिचालन को सुनिश्चित करने हेतु स्टेशन वी डी यू पैनल, सुविधाओं का व्यापक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म के विस्तार,फुट ओवरब्रिज के रैम्प, अनारक्षित टिकट काउंटर,आरक्षित टिकट काउंटर,स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया,सामान्य यात्री प्रतीक्षालय,स्टेशन पैनल, वाटर बूथ,शौचालयों एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया और संबंधित को दिशा निर्देश दिया। अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने




वाराणसी-प्रयागराज के बीच सभी छोटे-बड़े स्टेशनो का गहन किया निरीक्षण। इस दौरान अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ मातहतों को कड़े निर्देश देते हुए यात्री सुविधाऐ बढ़ाने के लिए दिया बल दिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने बनारस-प्रयागराज रामबाग रेल खण्ड में पड़ने वाले सभी हाल्ट स्टेशनों समेत हरदत्तपुर,राजातालाब,कछवां रोड,कटका,माधोसिंह,ज्ञानपुर रोड, जंगीगंज, भीटी, हँडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशनों पर दोहरीकरण के अनुरूप यात्री सुविधाओं के विकास कार्य यथा स्टेशन भवन,प्लेटफार्म,पैदल उपरिगामी पुल, सर्कुलेटिंग एरिया, साफ-रिले रूम, डबल लाइन ब्लाक यंत्र,संरक्षा उपकरणों, पावर डिस्ट्रीब्यूशन, स्टेशन वर्किंग रूल ,अनुरक्षण रजिस्टर, फेल्योर रजिस्टर,बॉथिंग ट्रैक,फेसिंग ट्रेलिंग पॉइंट एण्ड क्रासिंग का भी निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी स्टेशनों पर साफ-सफाई एवं उपकरणों के रख-रखाव तथा ब्लॉक खण्डों में रेलवे ट्रैक एवं ओवर हेड ट्रैक्शन के निकटतम पेड़ों की छटाई करने और रेल पथों के आस-पास उग आई वनस्पतियों को साफ किए जाने का निर्देश दिया। मंडल रेल प्रबंधक श्री पाण्डेय ने निरीक्षण मे प्रयागराज रामबाग पहुंचे और प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध यात्री बताया कि निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) राहुल श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, संजीव शर्मा ,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अक्षय प्रताप सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय अनुज वर्मा, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ला, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर टीआरडी श्री पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(आपरेशन) ए0 के0 श्रीवास्तव, मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य)आर0 एन0 सिंह समेत वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# डीआरएम के कुशल निर्देशन मे यात्री सुविधाओं के उन्नयन हेतु नई तकनीक से हो रहा रेलवे का कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के कुशल निर्देशन मे रेल यात्री सुविधाओं के उनन्यन नई तकनीक का उपयोग, विकास कार्यों, नई लाइनों का निर्माण, विद्युतीकरण, गाड़ियों के संचलन में सुगमता आदि कार्यों में नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में विगत वर्षों में वाराणसी मंडल में तीव्रता के साथ हो रहे दोहरीकरण सह विद्युतीकरण के कारण छोटे स्टेशनों पर भी यात्रियोंके सुरक्षित प्लेटफार्म बदलने हेतु पैदल ऊपरी गामी पुलों का निर्माण करके रेल संचलन को तीव्र एवं दुर्घटना रहित बनाने की योजना को तेजी से कार्यान्वित किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे ने पैदल ऊपरी गामी पुलों का निर्माण के क्रम में वाराणसी मण्डल के फेफना- इन्दारा रेल खण्ड पर रसड़ा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 02 के निर्माण के उपरांत प्लेटफार्म संख्या 01 से जोड़ने वाले निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज पर रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा 350.2750. 640 मीटर के दो गर्डरों की सफल लांचिंग का कार्य आज सोमवार को सम्पन्न हुआ। गर्डरों की लांचिंग यह चुनौतीपूर्ण कार्य एक शिफ्ट में मात्र 02:30 घंटे का ट्रैफिक एवं कर्षण ब्लाक लेकर सुरक्षा मानकों के साथ सफलतापूर्वक किया गया। गर्डर लांचिंग में उच्च क्षमता वाले रोडक्रेन का उपयोग किया गया। लांच किये गये 2 गर्डरों में से दो गर्डर की लम्बाई 35 मीटर तथा वजन 36 टन है। गर्डर लांचिंग का कार्य रेल विकास निगम लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबंधक श्री विकास चंद्रा,अपर महाप्रबंधक(सिविल विशेषज्ञ) संरक्षा एवं नियोजन एस0एन0 साहू की देख-रेख में 29 अगस्त को अपराह्न 13:00 बजे से 15:30 बजे विद्युत कर्षण एवं ट्रैफिक ब्लाक लेकर सिमित अवधि में सम्पनन किया गया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जन सम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस कार्य हेतु प्री एफओबी लॉन्चिंग की तैयारी 20 अगस्त, 2022 से शुरू कर ली गई थी जिसमें क्रेन प्लेसमेंट, मटेरियल शिफ्टिंग और अन्य कार्यों के लिए लाइन संख्या -2 का पावर और ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया था। इस अवधि के दौरान गर्डर लॉन्चिंग (2 नग), सुरक्षा संबंधी वेल्डिंग कार्य, टीआरडी कार्य और अन्य संबद्ध नियोजित गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपनन हुई।अब रसड़ा स्टेशन पर यात्रियों को सुरक्षित ढंग से प्लेटफार्म बदलने में पैदल ऊपरी गामी पुल की सुविधा मिलेगी और परिचालन में भी सुविधा होगी ।

# वाराणसी में कुटुंब प्रबोधन के लिए पहुंचे स्वयंसेवकों ने संत स्थलों से किया साक्षात्कार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** संयुक्त परिवारों को बरकरार रख कर राष्ट्र निर्माण पर मंथन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी में अखिल भारतीय कुटुंब प्रबोधन का आयोजन किया है। इसमें देश भर में संघ के 45 प्रांतों के कुटुंब प्रबोधन संयोजक, सह सयोजक, क्षेत्र कुटुंब प्रबोधन संयोजक पतिन्यों के साथ भाग ले रहे हैं। इनकी संख्या कुल 200 के करीब है। सभी को संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले और अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य भैय्या जी जोशी और कुटुंब प्रबोधन के अखिल भारतीय संयोजक रवींद्र जोशी का सानिध्य प्राप्त है। सभी ने रविवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काशी के संत स्थलों का भ्रमण किया। सभी स्वयंसेवक रवींद्र जोशी के नेतृत्व में सुबह पांच बजे के करीब तुलसी घाट पहुंचे। घाट पर गोस्वामी तुलसीदास द्वारा स्थापित हनुमान मंदिर में आरती की। वहां संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने घाट का गोस्वामी तुलसीदास से जुड़ाव आदि



से संबंध बताया। यहीं पर तुलसीदास ने रामचरित मानस का लेखन किया था। स्वयंसेवकों ने वहां स्थित तुलसी गोस्वामी अखाड़े को देखा। इसे तुलसीदास ने स्थापित किया थो। बता दें कि राजा टोडरमल ने गोस्वामी तुलसीदास को आवास दिया था। उन लोगों ने वहां रखी मानस की हस्तलिखित पोथी, तुलसीदास की खड़ाऊं, चांदी की हनुमान प्रतिमा, उस नाव की लकड़ी जिससे तुलसीदास गंगा पार जाते थे।सभी इसके बाद सभी रानी लक्ष्मीबाई के जन्मस्थान का दर्शन किए। इसके पूर्व सभी ने शनिवार की सुबह श्री काशी विश्वनाथ धाम में आदि शंकराचार्य, भारत माता, अहिल्याबाई की प्रतिमा का दर्शन किया था। धाम परिसर से ही मां गंगा का दर्शन किया था। इसके बाद सभी स्वयंसेवक वापस कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम स्थल मारवाड़ी युवक संघ सभागार में पहुंचे। सुबह की प्रार्थना से शुरू कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महिलाओं ने रंगोली बनाई और कलश स्थापना की। एक प्रदर्शनी भी लगाई। आज वहां स्वामी विवेकानंद के जीवन संदेश पर लघु नाटिका की प्रस्तुति, तुलसीदास, कबीर, रविदास के दोहे की प्रस्तुति की योजना तय की गई है।

# वाराणसी के 'उस' आश्रम में झारखंड में भाजपा की निलंबित नेता सीमा पात्रा मरणासन्न घरेलू सहायिका को छोड़ना चाहती था

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** झारखंड की चर्चित भाजपा की निलंबित नेता सीमा पात्रा के तार अब वाराणसी से जुड़ रहे हैं। अपनी घरेलू सहायिका को मारपीट और प्रताड़ना के मरणासन्न हालत में करने के बाद वाराणसी के एक आश्रम में छोड़ने की तैयारी कर रही थी। इस बाबत वाराणसी के उस आश्रम के बारे में भी अब चर्चा तेज हो गई है कि आखिर आश्रम में भाजपा नेता की कितनी पहुंच और पकड़ थी कि इस हालत में वाराणसी का आश्रम उस मरणासन्न घरेलू सहायिका को अपने आश्रम में रहने का मौका देता। झारखंड पुलिस की पूछताछ में घरेलू सहायिका को वाराणसी के आश्रम में छोड़ने की जानकारी आने के बाद से आश्रम संचालन करने वालों में चर्चा है। भाजपा की निलंबित नेता सीमा पात्रा झारखंड की आदिवासी घरेलू सहायिका सुनीता को काशी के आश्रम में छोड़ने की योजना पर कुछ दिनों से काम कर रही थी। हालांकि, वाराणसी आकर आश्रम में छोड़ने के पहले ही उनकी मंशा विफल हो गई। सीमा पात्रा पर आरोप है कि कई वर्षों तक उन्होंने घरेलू सहायिका को बंधक बनाकर रखा और मारपीट हिंसा के जरिए उसकी हालत बदतर कर दी। झारखंड पुलिस के अनुसार सुनीता चलने और शौचालय तक नहीं जा सकती थी। इसके बाद भी उसकी इस हालत के बाद वाराणसी के एक आश्रम में ले जाकर छोड़ने की पूरी प्लानिंग हो चुकी थी। अगर झारखंड पुलिस कुछ दिन की और देरी करती तो शायद सुनीता वाराणसी के किसी आश्रम में अपने मौत के दिन का इंतजार करती नजर आती। हालांकि, झारखंड पुलिस ने उस आश्रम की जानकारी साझा नहीं की है जहां पर सीमा पात्रा अपनी मरणासन्न घरेलू सहायिका को ले जाकर रखना चाह रही थी। बताते चलें कि सीमा के बेटे आयुष्मान के करीबी दोस्त विवेक आनंद की शिकायत पर पुलिस ने सीमा पात्रा के घर से लगभग तीस वर्षीय आदिवासी युवती को रेस्क्यू करते हुए छुड़ाने के साथ ही आपराधिक मामला दर्ज किया था। इस बाबत न्यूज एजेंसी पीटीआइ के हवाले से बताया गया है



कि सीमा के बेटे ने अपने दोस्त को बताया था कि पीड़िता सुनीता को काशी के एक आश्रम में छोड़ने के अलावा कंबल में लपेटकर कहीं पर फेंकने का भी प्लान था। वहीं एक दावे के अनुसार सीमा मामला उजागर होने की आशंका के बीच अपने बेटे को किसी मानसिक अस्पताल में भी एडमिट कराना चाह रही थीं। इस बाबत दर्ज की गई प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्र है कि घरेलू सहायिका के उत्पीड़न की तस्वीरों को बेटे द्वारा वायरल करने की जानकारी होने के बाद सीमा अपने बेटे को विक्षिप्त साबित करने के लिए पुलिस की मदद से हथकड़ी लगवाकर मनोरोग केंद्र भी ले गई थीं। जहां बेटे के दोस्त को पता चला कि घरेलू सहायिका पर अपना पेशाब पीने के लिए उसकी मां मजबूर कर रही थी। इसके बाद बेटे ने अपने दोस्त से घरेलू सहायिका को बचाने का अनुरोध किया था। इसके बाद से ही पुलिस सक्रिय हुई और 22 अगस्त को कार्रवाई करते हुए घरेलू सहायिका को मरणासन्न हालत में बरामद किया था। इसके बाद सीमा पात्रा को 31 अगस्त को विधिक कार्रवाई करते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# वाराणसी में नमो घाट पर बाढ़ की चोट 'रिपेयर'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** गंगा पर स्मार्ट सिटी परियोजना में खिड़किया घाट पर बने नमो घाट इन दिनों खूब चर्चा में है। कभी घाट पर जाने के पैसे वसूलने के लिए टिकट लगाना तो कभी घाट पर वाहन स्टैंड के नाम पर कमाई करना। स्मार्ट सिटी कंपनी के इस अनोखे कमाई के जरिए को लेकर जहां शासन और प्रशासन पर विपक्ष हमलावर है वहीं बाढ़ में पूरा घाट डूबने से पखवारे भर से घाट पर आवाजाही बंद रही है। बाढ़ का पानी दबाव, नाव अथवा किसी वस्तु के टकराने से नमो घाट के प्रणाम की मुद्रा वाला एक हाथ का निचला भाग क्षतिग्रस्त हो गया। बाढ़ का पानी कम होने के बाद यह हिस्सा दिखने लगा तो निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होने लगे। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आनन फानन बाढ़ की चोट को शनिवार को ही रिपेयर कर दिया गया। हालांकि, रिपेयर करने वाला स्थान भी साफ दिख रहा है। नमो घाट के बनने के बाद से ही लोगों के



उतरा तो किनारे हाथ जोड़ने की मुद्रा में बने प्रतीक के नीचे खोखले निर्माण के टूट की घटना सामने आ गई। माना जा रहा है कि निर्माण की गुणवत्ता ठीक न होने से किसी नाव से टच होते ही निर्माण का नीचे का हिस्सा टूटकर अलग हो गया। इंटरनेट मीडिया (सोशल मीडिया) में यह जानकारी वायरल होने के बाद बाढ़ के उतरते पानी में आनन फानन निर्माण एजेंसी की ओर से पैबंद लगाकर यह टूटा हुआ हिस्सा रिपेयर कर दिया गया। वाराणसी में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत पीएम नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना नमो घाट पर निर्माण की गुणवत्ता अब सवालों के घेरे में है। बाढ़ के दौरान किसी समय बाढ़ के बीच चर्चा में रहा है। विपक्षी दलों ने पहली बार गंगा घाट जाने के लिए कीमत चुकाने की बात कहते हुए विरोध भी किया था। इसके बाद से ही जिला प्रशासन की पहल के बाद घाट पर किराया खत्म करने की जानकारी दी गई लेकिन अगले ही दिन वाहन स्टैंड पर किराया शुरू कर दिया गया। इसके बाद गंगा में बाढ़ आनें के बाद नदी का विकराल रूप सामने आया और पखवारे भर तक नमो घाट गंगा में डूबा ही रहा। बाढ़ का पानी कम होने के बाद प्रणाम मुद्रा का निचला हिस्सा टूटा नजर आने के बाद कंपनी की ओर से इसपर दोबारा पैबंद लगा दिया गया है।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल **प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **15 सितम्बर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**

सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

## सम्पादकीय

# शिक्षक दिवस पर विशेषः 'गुरु साक्षात् परब्रह्म', गुरु बिन ज्ञान न उपजै

हमारे जीवन में गुरु का स्थान माता-पिता से भी ऊंचा होता है। माता-पिता जन्म देते हैं तथा पालन-पोषण करते हैं, किन्तु गुरु जीवन जीने की कला सिखाता है। गुरु द्वारा बताए मार्ग पर चलकर ही सद्गति प्राप्त किया जा सकता है। हमारे जीवन में गुरु/शिक्षक का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। गुरु ज्ञान का भंडार होता है। वह हमें ज्ञान देता है, हमारा मार्ग आलोकित करता है। ज्ञान वह अमूल्य वस्तु है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। ज्ञान ऐसा कोश है, जिसमें से जितना व्यय करो वह उतना ही बढ़ता जाता है। गुरु ही हमारे जीवन का मार्गदर्शन करता है। हमारे जीवन को दिशा प्रदान करता है। हमारी प्राचीन गौरवशाली भारतीय संस्कृति में गुरु को अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान प्रदान किया गया है। हमारे वेदों, पुराणों, उपनिषदों, रामायण एवं गीता आदि में गुरु की महिमा का गुणगान किया गया है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान के समान पूज्य माना गया है। गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।। अर्थात- गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है तथा गुरु ही भगवान शंकर है। गुरु ही साक्षात परब्रह्म है। ऐसे गुरु को मैं नमस्कार करता हूं। गुरु की सेवा करने वाले लोगों को कभी किसी वस्तु का अभाव नहीं होता। रामायण में ऋषि बाल्मीकि ने गुरु सेवा का उल्लेख करते हुए कहा है स्वगी धनं वा धान्यं वा विद्या पुत्राः सुखानि च। गुरु वृत्युनुरोधेन न किंचितदपि दुर्लभम्।। अर्थात गुरुजनों की सेवा करने से स्वर्ग, धन-धान्य, विद्या, पुत्र, सुख आदि कुछ भी दुर्लभ नहीं है। अतः हमें अपने गुरु की सेवा करनी चाहिए। कहने का अभिप्राय यह है कि गुरु की सेवा करने से सबकुछ प्राप्त होता है। गुरु की सेवा करने से देवगण भी प्रसन्न होते हैं तथा परमधाम प्राप्त होता है। गुरु का स्थान सर्वोपरि जीवन में गुरु का बहुत ऊंचा स्थान होता है। कोई भी गुरु का ऋण नहीं चुका सकता। प्रत्येक वह व्यक्ति गुरु हो, जो हमें ज्ञान देता है, भले ही वह एक अक्षर का ज्ञान हो। एकमप्यक्षरं यस्तु गुरुः शिष्ये निवेदयेत्। पृथिव्यां नास्ति तद् द्रव्यं यद्दत्वा ह्यनृणी भवेत्।। अर्थात- गुरु शिष्य को एक अक्षर का भी ज्ञान दे, तो उसके बदले में पृथ्वी का ऐसा कोई धन नहीं, जिसे देकर वह गुरु के ऋण में से मुक्त हो सके। संत कबीर ने गुरु को भगवान से भी ऊंचा स्थान दिया है। वह कहते हैं- गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु अपने गोविन्द दियो बताय।। अर्थात गुरु और गोविन्द एक साथ खड़े हों तो किसके पैर स्पर्श करने करना चाहिए, गुरु के अथवा गोविन्द के? ऐसी स्थिति में गुरु के चरणों में शीश झुकाना चाहिए, जिनकी कृपा रूपी प्रसाद से गोविन्द का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गुरु के बिना मनुष्य को न ज्ञान प्राप्त हो सकता है और न ही वह मोक्ष प्राप्त कर सकता है। संत कबीर कहते हैं- गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरु बिन मिलै न मोष। गुरु बिन लखै न सत्य को गुरु बिन मिटै न दोष।। अर्थात हे सांसरिक प्राणियों, बिना गुरु के ज्ञान का मिलना असम्भव है। तब तक मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ मायारूपी सांसारिक बंधनों में जकड़ा रहता है जब तक उसे गुरु की कृपा प्राप्त नहीं होती। मोक्ष का मार्ग दिखाने वाले गुरु ही है। गुरु के बिना सत्य एवं असत्य का ज्ञान नहीं होता। उचित और अनुचित के भेद का ज्ञान नहीं होता। फिर बिना गुरु के मोक्ष कैसे प्राप्त हो सकता है? संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास भी कहते हैं कि गुरु के बिना कोई भी भवसागर पार नहीं कर सकता- गुर बिनु भवनिधि तरइ न कोई जौं बिरंचि संकर सम होई अर्थात- कोई व्यक्ति ब्रह्मा एवं भगवान शंकर के समान ही क्यों न हो, फिर भी वह गुरु के बिना भवसागर पार नहीं कर सकता। गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि वह गुरु ही है, जो अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट कर देता है- बंदउं गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररूप हरि। महामोह तम पुंज जासु बचन रबिकर निकर।। अर्थात- गुरु को हरि का रूप माना गया है। हम सदैव अपने गुरु के चरण कमलों की वंदना करते है। जिस प्रकार सूर्य के उदय होने से सारा अंधकार नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार गुरु हमारे मोह-रूपी अंधकार को समाप्त कर देता है।गु' शब्द का अर्थ है अंधकार एवं 'रु' शब्द का अर्थ है प्रकाश। अर्थात जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाए, वही गुरु है। मनुस्मृति में गुरु की परिभाषा इस प्रकार दी गई है- निषेकादिनी कर्माणि यः करोति यथाविधि। सम्भावयति चान्नेन स विप्रो गुरुरुच्यते।। अर्थात जो विप्र आदि संस्कारों को यथा विधि करता है एवं अन्न से पोषण करता है वह गुरु कहलाता है। इस परिभाषा के अनुसार पिता प्रथम गुरु है, तत्पश्चात पुरोहित एवं शिक्षक आदि गुरु है। मंत्रदाता को भी गुरु कहा जाता है, अर्थात प्रत्येक वह व्यक्ति गुरु कहलाने के योग्य है, जिससे शिक्षा प्राप्त होती है। जो ज्ञान प्रदान करता है तथा बुरे कार्यों से रोकता है वह गुरु है। गुरु सदैव कल्याण चाहता है। निवर्त्यत्यन्यजनं प्रमादतः स्वयं च निष्पापपथे प्रवर्तते। गुणाति तत्त्वं हितमिच्छुरंगिनाम् शिवार्थिनां यः स गुरु र्निगद्यते।। अर्थात- जो किसी के भी प्रमाद को करने से रोकते है, स्वयं कभी भी निष्पाप पथ पर चलकर दूसरों के लिए हित एवं कल्याण की भावना रखते है, उसे तत्वबोध करवाते है, उन्हें ही गुरु कहा जाता है।चरित्र का निर्माण करते हैं गुरु हमारी संस्कृति में गुरु का कार्य केवल अक्षर ज्ञान तक ही सीमित नहीं था। गुरु अपने शिष्य का संरक्षक होता था।

## लाखों लोगों के लिए क्या मतलब, इससे कौन खुश होगा और कौन दुखी

आंकड़ों को उन लोगों के नजरिये से देखना होगा जो कि संबंधित क्षेत्र के प्रदर्शन से प्रभावित होंगे। उदाहरण के लिए, 'कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन', देश के अधिकांश परिवारों की जिंदगियों को प्रभावित करता है। बीते बुधवार को एनएसओ ने जीडीपी की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) 2022-



23 के अनुमान जारी किए हैं। इनमें सबसे अहम आंकड़ा है 13.5 फीसदी की विकास दर। सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए) के संदर्भ में यह आंकड़ा है 12.7 फीसदी। यह देखते हुए कि रेटिंग एजेंसियों, बैंकों और रिजर्व बैंक ने 13 फीसदी से 16.2 फीसदी (रिजर्व बैंक) के बीच अनुमान व्यक्त किया था और मैं समझता हूं कि इस सीमा में आने वाली किसी भी संख्या पर नजर जाना स्वाभाविक है। हालांकि सांख्यिकी से परे एक बड़ी दुनिया है। यह आलेख इस पर केंद्रित है कि एनएसओ के आंकड़ों का वास्तविक दुनिया में रहने वाले लाखों लोगों के लिए क्या मतलब है और कौन इससे खुश होगा और कौन दुखी। आंकड़े जो मायने रखते हैं मैंने 2019-20 और 2021-22 से संबंधित आंकड़ों और 2022-23 की पहली तिमाही के आंकड़ों के आधार पर एक टेबिल तैयार की है ।

# वेब सीरीज में दिखाई जा रही बिहार के 'रंगबाज' और 'महारानी' की कहानी

मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू होने के बाद बिहार में सामाजिक बदलाव की बयार बही थी। लगभग उसी समय बिहार में कई ऐसे बाहुबली भी उभरे जो बाद में राजनीति के रास्ते विधानसभा और संसद के सदस्य बने। इनमें पप्पू यादव से लेकर आनंद मोहन तक और शहाबुद्दीन से लेकर सूरजभान सिंह तक का नाम शामिल है। बाद के दिनों में भी ये क्रम चलता रहा और स्थानीय स्तर के अपराधी भी विधानसभा पहुंचने लगे। इन आपराधिक प्रवृत्ति वाले नेताओं का लगभग सभी राजनीतिक दल ने अपने हित में उपयोग किया। किसी ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले इन नेताओं का उपयोग सरकार बनाने के लिए समर्थन जुटाने में किया तो किसी ने सरकार बचाने के लिए।1990 के बाद के दशकों में बिहार की राजनीति का अपराधीकरण तेज हुआ। उसी समय राजनीति के अपराधीकरण पर देशव्यापी चर्चा हुई थी। चुनाव में बूथ लूटने और कब्जा करने की घटनाएं भी खूब हुई, चुनावी हिंसा भी। ये वही दौर था जब बिहार में जाति और विचारधारा के नाम पर सामूहिक नरसंहार हुए। नक्सलियों ने विचारधारा और समानता हासिल करने की आड़ में नरसंहार किए तो जाति आधारित निजी सेनाओं के बीच भी खूनी खेल खेला गया। जातियों के नए नेता पैदा होते चले गए। जातियों के बीच चौड़ी होती खाई को नेताओं ने अपने वोटबैंक के तौर पर उपयोग करना आरंभ कर दिया। पाटने की कोशिश किसी ने नहीं की। लालू प्रसाद यादव जैसे गरीब परिवार से आने वाले व्यक्ति बिहार के मुख्यमंत्री बने तो सामाजिक न्याय का नारा जोरशोर से लगा। उनपर जब घोटाले का आरोप लगा तो उन्होंने अपने राजनीतिक सहयोगियों को नजरअंदाज करते हुए अपनी पतनी राबड़ी देवी को बिहार का मुख्यमंत्री बना दिया। कहना न होगा कि उस समय बिहार में राजनीति और अपराध की दुनिया में बहुत कुछ घट रहा था जो किसी फिल्मी पटकथा से कम रोचक और दिलचस्प नहीं था। बिहार में उन्हीं दिनों की राजनीतिक घटनाओं और बाहुबलियों को केंद्र में रखकर कई बेवसीरीज बने भी और अब भी बन रहे हैं। हाल में दो वेबसीरीज आई है जिसके केंद्र में बिहार की राजनीति, बिहार के बाहुबली और



बिहार की राजनीतिक और आपराधिक घटनाएं हैं। जी 5 पर बाहुबलियों को केंद्र में रखकर एक सीरीज आती है जिसका नाम है 'रंगबाज'। इस वेब सीरीज के पहले सीजन में उत्तर प्रदेश के खतरनाक अपराधी श्रीप्रकाश शुक्ल के कारनामाओं पर आधारित पूर्वांचल की राजनीति को दिखाया गया था। इसमें हरिशंकर तिवारी और वीरेन्द्र शाही के बीच चलने वाले खूनी खेल को फिक्शनलाइज किया गया था।रंगबाज का पहला सीजन 22 दिसंबर 2018 को रिलीज हुआ था। इस श्रृंखला में 20 दिसंबर 2019 को राजस्थान के गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के अपराध पर सीरीज आई। इस कहानी में राजस्थान की राजनीति के उन आयामों को भी दर्शकों के सामने पेश किया गया है जिसके बारे में देश दुनिया को जानकारी कम थी। 'रंगबाज फिर से' नाम के बाद इस वर्ष 29 जुलाई को 'रंगबाज, डर की राजनीति' के नाम से बिहार के सिवान के बाहुबली नेता शहाबुद्दीन के बनने और उनके मिटने की कहानी को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। रंगबाज के इस सीजन में बिहार में सामाजिक न्याय के दौर की राजनीति के दांव पेंच और अपने राजनीतिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए हिंसा का सहारा लेने के बारे में विस्तार से बताया गया है। शहाबुद्दीन के किरदार के साथ विनीत कुमार सिंह ने न्याय किया है। वेब सीरीज के इस सीजन की स्क्रिप्ट बहुत कसी हुई है। इसमें शहाबुद्दीन की प्रेमकथा वाले प्रसंग को भी उभारा गया है। शहाबुद्दीन के चरित्र के क्रूरतम पक्ष पर अपेक्षाकृत कम फोकस किया गया है। चंदा बाबू, जिनके बेटों की हत्या हुई थी, के दर्द और संघर्ष को उभारने में निर्देशक लगभग नाकाम रहे हैं। कहा जा सकता है कि ये सीजन शहाबुद्दीन पर केंद्रित है इस वजह से चंदा बाबू पर ज्यादा फोकस नहीं किया गया है। अगर चंदा बाबू के दर्द और संघर्ष को उभारा गया होता तो शहाबुद्दीन के कारनामों को अधिक प्रामाणिकता के साथ पेश किया जा सकता था। दरअसल इस तरह से सीरीज के लेखक सुनी सुनाई बातों, पुस्तकों और इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर कहानी कंस्ट्रक्ट करते हैं। उनको उस दौर के समाचरपत्रों को भी देखना चाहिए और कहानी लिखने के पहले प्राथमिक स्त्रोतों तक पहुंचना चाहिए था। बिहार के मुख्यमंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव जब घोटाले के भंवर में फंसे तो उन्होंने अपनी पतनी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था। उस घटना पर केंद्रित वेब सीरीज महारानी का दूसरा सीजन भी आया है। दूसरे सीजन में निर्देशक और लेखक ने इसकी कहानी को बहुत अधिक काल्पनिक बनाकर फिल्मी बनाने की कोशिश की है। इसमें पति पतनी के बीच के संघर्ष में 'वो' की एंट्री कहानी को 'पति पतनी और वो' की ओर ले जाती है। केंद्रीय पात्र भीमा भारती का अपनी पार्टी की कार्यकर्ता कीर्ति सिंह के साथ प्रेम चलता है। फिल्मी अंदाज में तीज वाले दिन जब भीमा भारती अपनी प्रेमिका कीर्ति सिंह के साथ अकेले कमरे में होते हैं तो रानी भारती की एंट्री कराई जाती है। ये बेहद पुराना फार्मूला रहा है। इस सीरीज में भी जब ये प्रसंग आता है तो दर्शक चौंकता नहीं है क्योंकि उसको पता है कि आगे क्या होनेवाला है। प्रेम प्रसंग के अलावा इसमें राजनीति की तमाम साजिशें हैं, तिकड़में हैं, डरा धमकाकर नेताओं को अपने पाले में लाने की कोशिश भी है। पूरी कहानी अविभाजित बिहार में चलती है जहां शिबू सोरेन का किरदार भी महत्वपूर्ण पात्र के रूप में सामने आता है। झारखंड राज्य को लेकर सियासी सौदेबाजी भी है। इसके अलावा कई किरदार बिहार की समकालीन राजनीति के नेताओं से मेल खाते हैं। बहुत वर्षों पहले पटना में एक विधायक ने एक लड़की के साथ रेप किया था। वो आपराधिक वारदात देश भर में चर्चित हुआ था। उस घटना को भी महारानी सीजन 2 में दिखाकर इसको बिहार की कहानी बताने और बनाने की कोशिश निर्माताओं ने की है। और तो और इसमें चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के चरित्र से मेल खाता एक महिला पात्र गढ़ा गया है जो हमेशा लैपटाप पर आंकड़ों का खेल करती है। अपने नेता की छवि निर्माण में लगी रहती है। रानी भारती के रोल में हुमा कुरैशी ने बेहतरीन अभिनय किया है लेकिन उनको अपने उच्चारण पर काम करने की जरूरत है। जब वो बिहार की कम पढ़ी लिखी मुख्यमंत्री के रूप में बोलती हैं तो ये उनके बोली से परिलक्षित नहीं होता है। कई स्थितियों में उनका इस तरह का उच्चारण खटकता है। बावजूद इन कमियों के महारानी का सीजन 2 पहले सीजन से बेहतर है। अब निर्माताओं ने तीसरे सीजन का भी संकेत दे दिया है। भीमा भारती की हत्या हो जाती है। दूसरे सीजन के अंत में जिस तरह से वेबसीरीज को मर्डर मिस्ट्री बनाने की कोशिश हुई है उसको देखकर लगता है कि इस सीरीज को लिखनेवालों के सामने राजनीति की जमीन को पकड़े रहने की चुनौती होगी। अन्यथा राजनीति से आरंभ होकर ये वेबसीरीज प्रेम त्रिकोण के रास्ते अपराध कथा में बदल जाएगी। ये अच्छी बात है कि बिहार की राजनीति और यहां की आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं पर मनोरंजन की दुनिया का ध्यान गया है। बिहार में इस तरह के पात्रों और घटनाओं की कमी नहीं है। अभी न बने लेकिन भविष्य में इस बात की संभवाना तो है ही कि जब महारानी का चौथा या पांचवा सीजन आएगा तो उसमें नीतीश कुमार के राजनीतिक दांव-पेंच और अलग अलग पाटि्यों के साथ सरकार बनाने की घटनाओं पर भी रोचक कहानी कंस्ट्रक्ट होगी। तब इसको देखना और दिलचस्प होगा।

## हास्य व्यंग्यः एक सुहानी फिल्म का अचानक अंत, क्रांति की ताप से भाग खड़ा हुआ भ्रष्टाचार

बात उन दिनों की है जब देश क्रांति की चपेट में था। सड़कों पर बेरोक-टोक क्रांति बह रही थी। गड्ढे भी क्रांति से पट गए थे। वे सड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मुक्त हो जाने को तैयार थे। भ्रष्टाचार था कि कुंडली मारकर ऊंचे आसन पर बैठा हुआ था। 'आम' परेशान था कि 'खास' फर्नीचर पुराना था, सुलग उठा। क्रांति की ताप से भ्रष्टाचार भाग खड़ा हुआ। अभी आरोप हवा में ही तैर रहे थे, पर कुर्सी उनकी जद में आ गई। ईमानदारी के साथ वे कुर्सी पर बैठ गए। वह चारों तरफ पसरना चाहते थे, पर कुर्सी में लगे दो हत्थे उनकी इस राह का रोड़ा बन गए। उन्होंने वह अब कट्टर हो चुकी थी। कट्टरता को लेकर क्रांति कुमार इतने ईमानदार निकले कि देशभक्त भी हुए तो एकदम कट्टर। अब देश में दो तरह के ही देशभक्त पाए जा रहे थे। एक असली, दूसरे कट्टर। इनके अलावा जो भी बचे थे, वे देशद्रोही हो सकते थे या संदिग्ध नागरिक। देश को तब तक राष्ट्रवादियों को अखर गई। इससे वे उबल पड़े। उनके तरकश में अभी भी कई 'मास्टर-स्ट्रोक' बचे थे। सहसा सब कुछ अमृतमय हो उठा। उन्होंने विरोधियों पर तोते और कबूतर छोड़ दिए। वे जगह-जगह सुरक्षा और शांति का संदेश वितरित करने लगे। इससे प्रभावित




की सारी सप्लाई-लाइन कैसे रोकी जाए! ऐसे कठिन समय में क्रांति कुमार अवतरित हुए। आम और अवाम एक हो गए। जल्द ही अंधेरा छंट गया। कुर्सी दिखने लगी। उनकी सहयात्री ईमानदारी भ्रष्टाचार से मिलने को आतुर हो उठी, जिससे वह उसका गला दबा सके, पर इसमें एक मुश्किल थी। वह हवाई चप्पल से बंधी हुई थी। कुर्सी उसकी पकड़ से बहुत दूर थी। वहां तक पहुंचने के लिए उसे एक मजबूत जूते की दरकार थी। उसने इधर-उधर से कई आरोप इकट्ठे किए। उन्हीं को जूता बनाकर नियमित रूप से उछालना शुरू कर दिया। दिन में दस बार लोकपाल का मंत्रजाप भी शुरू हो गया। राजपथ जनपथ में बदल गया। देखते-ही-देखते बदलाव की आग लग गई। कुर्सी का एक झटके में लात मारकर दोनों हत्थे उखाड़ फेंके। यह काम इतनी कुशलता से किया गया कि लोकतंत्र को तनिक भी चोट नहीं पहुंची। पूरी पारदर्शिता के साथ उन्होंने अपना मुक्ति-पथ साफ किया। इसके बाद वह सुकून से फैल गए और लोकपाल को एक गठरी में बांधकर रख दिया, ताकि वे प्रदूषित हवा-पानी के संसर्ग से बचे रहें। देश के आम और खास लोकपाल जी का नाम तक भूल गए। शोध से मालूम हुआ कि दरअसल देश को अब लोकपाल जी की जरूरत ही नहीं थी। केवल कुसिर्यां बदल जाने भर से ही भ्रष्टाचार भय से कांपने लगा था। इसमें उनका कोई दोष नहीं था। भ्रष्टाचार के यूं एकदम से गायब हो जाने के बाद बेचारी ईमानदारी अकेली रह गई। सरकार का संसर्ग पाकर अच्छे दिनों की लत लग चुकी थी। तभी घटनाक्रम में जबरदस्त मोड़ आ गया। आपातकाल से आजिज आए लोगों ने पहले तो भक्तिकाल की घोषणा की, फिर एक-एक कर सबकी निशानदेही शुरू हो गई। महंगाई और बेरोजगारी जैसी बातें खटकने लगीं। इस समस्या से निपटने के लिए लोगों ने शंख और घड.ियाल बजाने शुरू कर दिए। इससे दोतरफा फायदा हुआ। महंगाई ने आत्महत्या कर ली और बेरोजगारी से लड़ने के लिए अगिन्वीर आ गए। इस बीच क्रांति कुमार को लगा कि अचानक उनका ताप कम होने लगा है। वे देशभक्ति को 'सिलेबस' में ले आए। इसे याद करना जरूरी बना दिया गया। इसे देख नव-राष्ट्रवादी उछल-कूद करने लगे। यह बात खरे हो लाभाथिर्यों ने तुरत-फुरत राष्ट्रवाद की शपथ ले ली। जो बचे, वे पिंजरे में बंद हो गए। उधर ईमानदार सुरापान में व्यस्त थे और इधर 'पांच ट्रिलियन' के कटोरे में 'सुधा-पान' होने लगा। मेरी आंखों के सामने इतनी अच्छी फिल्म चल रही थी कि तभी पर्दा फाड़कर अच्छे दिनों की पुकार लगाने वाले और क्रांति कुमार दोनों एक साथ प्रकट हो गए। मैं उधर लपकने ही जा रहा था कि श्रीमती जी मुझे झिंझोड़ने लगीं-कितनी बार कहा है कि दिन में 'सनीमा' मत देखा करो। बड़ी देर से पता नहीं क्या अंट-शंट बक रहे हो! अपना घर देखो। कितने दिन से टपक रहा है। इसे जोड़ लो फिर देश जोड़ लेना।

## चीन के विरुद्ध एकजुट हों एशियाई देश

अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के जवाब में चीन ने ताइवान को घेरकर उसके आसपास के समुद्री क्षेत्र में जिस तरह का आक्रामक सैनिक अभ्यास किया, उसने चीन-ताइवान के रिश्ते को वास्तविक युद्ध की आशंकाओं के स्तर से बहुत आगे की हद तक पहुंचा दिया है। इस कथित अभ्यास में जिस तरह चीनी युद्धपोतों ने ताइवान की समुद्री सीमाओं को लांघकर गोलाबारी की और चीनी विमानों और मिसाइलों ने ताइवानी आसमान को चीरते हुए दूसरी ओर जापान के समुद्री इलाकों तक बमबारी की, वह किसी भी मायने में सैनिक हमले से कम नहीं था। गनीमत रही कि चीनी नौसेना और वायुसेना की कोई मिसाइल गलती से या जानबूझकर ताइवान की मुख्य भूमि और नागरिकों पर नहीं गिरी, वरना यह 'अभ्यास' सचमुच के युद्ध में बदल जाता। इसके बावजूद जिस दादागीरी भरे अंदाज में चीनी सेना ने ताइवान को धमकाया, उससे इसमें संदेह नहीं कि वह ताइवान पर हमले के लिए तैयार भी है और आमादा भी। चार से सात अगस्त के बीच चले इस 'अभ्यास' ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की इस घोषाणा को अर्थवान बना दिया है कि ताइवान में चीन का एकीकरण चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का ऐतिहासिक मिशन भी है और उसकी अडिग प्रतिबद्धता भी। चीन की इस कार्रवाई ने न केवल दक्षिण चीन सागर क्षेत्र, बल्कि पूरे हिंद-एशिया के भू-राजनीतिक और सैनिक वातावरण को बदल डाला है। पिछले कई दशक से चीन की आक्रामकता के निशाने पर बैठे ताइवान, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, फिलिपींस, मलेशिया और आस्ट्रेलिया जैसे देशों को अब यह स्पष्ट हो चुका है कि उनकी भूमि और समुद्री इलाकों पर चीन के दावे केवल गीदड़-भभकियां नहीं, बल्कि ऐसे इरादे हैं, जिन्हें वह एक-एक कर वास्तविकता में बदलने पर आमादा है। चीन की भीतरी राजनीति और रणनीति पर नजर रखने वाले अब इस पर लगभग सहमत हैं कि चिनफिंग के नेतृत्व वाला चीन दुनिया पर अमेरिकी प्रभुसत्ता को हटाकर अपनी प्रभुसत्ता जमाने का फैसला कर चुका है। ताइवान को घेरकर किए गए चीनी 'युद्धाभ्यास' के बाद पिछले दो-तीन साल से चली आ रही यह आशंका भी सही सिद्ध हुई कि अक्टूबर 2022 में चीनी कांग्रेस (संसद) के अधिवेशन



से पहले चिनफिंग ताइवान या भारत के खिलाफ कोई ऐसी सैनिक कार्रवाई करेंगे, जिसके बाद लगातार तीसरी बार चीन का राष्ट्रपति बनने के उनके दावे पर चीनी संसद मुहर लगा दे। चीन से आ रहे संकेत यह बता रहे कि तीसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने के बाद शी चिनफिंग अपने चाटुकारों के सहारे आजीवन चीन के सर्वोच्च नेता बने रहने के प्रस्ताव पर मुहर लगवा लेंगे। पड़ोसी देशों के लिए असली संकट चीनी संसद के इस कदम के बाद शुरू होगा। तब चीनी सेना अपने दावों को मूर्त रूप देने का अभियान शुरू करेगी। चीन के निशाने पर बैठे ये देश फिलहाल इसी उधेड़बुन में व्यस्त हैं कि वह अपने इस अश्वमेघ यज्ञ की शुरुआत कहां से करेगा? भले ही इनमें से कुछ देशों ने चीनी खतरे को देखते हुए आपसी संवाद शुरू कर दिया हो, लेकिन इस संवाद से वह गंभीरता अभी भी नदारद है, जो युद्ध की हालत में दोस्तों की ठोस किलेबंदी के लिए जरूरी होती है।कुछ लोग अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया के साथ मिलकर बनाए गए क्वाड को एक बड़ा कदम मान रहे हैं, लेकिन असलियत यह है कि 2007 में इसके शुरू होने के बाद बीते 15 वर्षों में चीन के घोर आक्रामक रूप धारण करने के बावजूद यह संगठन अभी भी आधे-अधूरे मन से चलने वाले एक अनौपचारिक विचार समूह के स्तर से आगे नहीं बढ़ पाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना के बाद हर आयु वर्ग में बढ़ रहा है मनोरोग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मनोरोग समेत अन्य समस्याओं पर चर्चा के लिए रविवार आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में दुनिया भर के मनो चिकित्सक जुटेंगे और इन समस्याओं पर गहन मंथन करेंगे। कोरोना महामारी के बाद हर आयु वर्ग के लोगों में मनोरोग की समस्या बढ़ रही है। ज्यादातर मरीज खुद को मनोरोग की जगह अन्य बीमारी से पीडि़त मानकर दूसरे विभागों में भटकते रहते हैं। इस वजह से कई बार समस्या और गंभीर हो जाती है। मनोरोग समेत अन्य समस्याओं पर चर्चा के लिए रविवार आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में दुनिया भर के मनो चिकित्सक जुटेंगे और इन समस्याओं पर गहन मंथन करेंगे।

एम्स मनोरोग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. गगन हंस ने बताया कि रविवार को एम्स में मनोचिकित्सा विभाग और राष्ट्रीय औषधि निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 'मनोचिकित्सा के आसपास' विषय पर संवाद का आयोजन किया किया है। चार सत्र के इस आयोजन में दुनियाभर से आए मनोचिकित्सक इस बीमारी को लेकर अपने विचार व अध्ययन की प्रस्तुति करेंगे। इस दौरान आईएलबीएस के वाइस चांसलर प्रोफेसर शिव कुमार सरीन, एम्स निदेशक डॉ. प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया, इंडियन एसोसिएशन फॉर सोशल साइकियाट्री के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रताप
शरण, जेरी पिंटो (लेखक), मालती राव (फिल्म निर्माता), प्रो ममता सूद (मनोचिकित्सक-एम्स) देबजानी दास (इतिहासकार), डॉ. आलोक सरीन (मनोचिकित्सक) मौजूद रहेंगे।

# इमरान खान ने अपने पार्टी नेताओं को प्रताडित करने के खिलाफ शहबाज सरकार पर साधा निशाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शहबाज सरकार को शख्त चेतावनी दी है। इमरान खान





के करीबी शहबाज गिल को लेकर पीटीआई प्रमुख ने शहबाज सरकार पर जमकर निशाना साधा है। शहबाज गिल को कथित तौर पर प्रताडि़त करने के बाद इमरान खान ने शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शासन ने अत्याचार जारी रखा तो हमारी पार्टी इस्लामाबाद तक मार्च निकालेगी। गुजरात के जहूर इलाही स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खान ने कहा कि उनके मुख्य सहयोगी गिल को हिरासत में प्रताडि़त किया गया। इसके साथ ही खान ने कहा कि सिंध में विपक्षी नेता हलीम आदिल शेख के खिलाफ 27 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। देश के स्थानीय मीडिया आउटलेट डॉन के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने कहा कि पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (झ्ऊश) लोगों की ताकत के खिलाफ नहीं जीत सकता। इमरान खान ने कहा कि आयातित सरकार विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करेंगे लेकिन देश की वास्तविक स्वतंत्रता के लिए हकीकी आजादी अभियान को नहीं रोकेंगे। पीटीआई प्रमुख ने हाल ही में स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ऋण किश्त को लेकर पाकिस्तानी सरकार पर कटाक्ष किया। अपने कार्यकाल के दौरान शहबाज शरीफ के बयानों को याद करते हुए खान ने कहा कि शरीफ जो कभी कहते थे कि देश आईएमएफ से नहीं निपट सकता है, अब खुशी से संगठन से ऋण के बारे में बात कर रहे हैं।महंगाई को लेकर इमरान ने शहबाज सरकार को फटकार इमरान खान ने महंगाई को लेकर भी सरकार को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद 'आयातित सरकार' ने मीडिया पोर्टल के अनुसार पेट्रोल की कीमत 236 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ा दी है। इमरान खान ने कहा कि पाकिस्तान लगातार विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहा है। खान ने कहा कि पंजाब और केपी (पीटीआई सत्तारूढ़ राज्यों) के मुख्यमंत्रियों को पहले ही 5.5 अरब रुपये से अधिक प्राप्त हो चुके हैं। इन एकत्र किए गए धन को जरूरत के अनुसार पूरे देश में वितरित किया जाएगा और वह जल्द ही और फंड इकट्ठा करेंगे।उन्होंने कहा कि मैं बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा शुरू कर रहा हूं। साथ ही कहा कि वह रैलियां भी जारी रखेंगे क्योंकि वह देश को अपने आंदोलन के लिए तैयार कर रहे हैं।

# गौतमबुद्ध नगर के लिए तोहफा सुरेंद्र सिंह नागर की मांग हुई पूरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर वासियों के लिए बड़ी खबर है। रेल मंत्रालय ने दनकौर और दिल्ली के बीच रेल सेवा एक बार फिर शुरू कर दी है। राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने 30 मार्च 2022 को सदन में यह मुद्दा उठाया था। दरअसल, कोविड-19 महामारी के दौरान दिल्ली और एनसीआर के बाकी शहरों के बीच चलने वाली इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट ट्रेन (ईएमयू) को बंद कर दिया गया था। महामारी खत्म होने के बाद



भी इन्हें रेल मंत्रालय ने शुरु नहीं किया। जिस पर सुरेंद्र सिंह नागर ने सदन में मांग उठाई। अब रेल मंत्रालय ने उनकी मांग पूरी करते हुए गौतमबुद्ध नगर के दनकौर कस्बे और दिल्ली के बीच रेल सेवा बहाल कर दी है। गुरुवार को दोबारा ईएमयू ट्रेन का संचालन हुआ। सांसद ने रेलमंत्री को धन्यवाद दिया है। गौतमबुद्ध नगर के हजारों दैनिक यात्रियों को मिला लाभ राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने सदन को बताया था कि गौतमबुद्ध नगर से दिल्ली के बीच रोजाना हजारों की संख्या में कर्मचारी आवागमन करते हैं। इनके लिए ईएमयू ट्रेन सस्ता, सुलभ और सहज यातायात का साधन है। इसके बंद होने से जिले के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब कोरोना वायरस के कारण फैली महामारी समाप्त हो चुकी है। लिहाजा, ईएमयू ट्रेन को दोबारा शुरू किया जाना चाहिए। इस पर रेल मंत्री ने सदन में जल्दी ईएमयू ट्रेन सेवाएं बहाल करने का आश्वासन सांसद को दिया था। अब गुरुवार को यह सेवा बहाल कर दी गई है। राज्यसभा में उठाया था मुद्दा राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने बीते 30 मार्च 2022 को राज्यसभा में मुद्दा उठाते हुए कहा था, ठपहले कोरोना लॉकडाउन के दौरान रेलवे मंत्रालय ने दिल्ली से चलने वाली लोकल ट्रेन ईएमयू को बंद करने का निणन्य लिया था दिल्ली से उत्तर प्रदेश के बीच दिल्ली दनकौर दिल्ली से खुर्जा और दिल्ली से अलीगढ़ के बीच चलने वाली ईएमयू ट्रेन को भी बंद करने का निणन्य लिया अब कोरोना की सारी पाबंदी खत्म हो गई है। इन ईएमयू से रोजाना हजारों लोगों को फायदा मिलता है। इन ट्रेनों के माध्यम से रोजाना दिल्ली से गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और खुर्जा के लोग यात्रा करते हैं। जिसमें नौकरी करने वाले लोग और व्यापारी यात्रा करने के लिए आते हैं। इसमें दनकौर और खुर्जा में रहने वाले लोग रोजाना दूध की आपूर्ति दिल्ली में करते हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए उठाई मांग उन्होंने आगे कहा था, इन ट्रैन को चलाने के लिए पहले भी रेल मंत्रालय ने घोषणा की थी, लेकिन 2 वर्ष से अधिक होने के बावजूद भी अभी तक इन ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हुआ है। मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि दैनिक यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए, नौकरी पेशा के लोगों की परेशानी को देखते हुए और छोटे व्यापारियों की परेशानी को देखते हुए इन ईएमयू का संचालन दोबारा से शुरू किया जाए। ने रेल मंत्री को धन्यवाद दिया।सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा, ठदनकौर से दिल्ली के बीच चलने बाली ईएमयू ट्रेन का आज से पुनः संचालन शुरू करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह रेल सेवा गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर जिले के दैनिक यात्रियों के लिए बड़ी फायदेमंद है। सुबह दिल्ली जाने और शाम को वापस घर लौट कर आने के लिए यातायात का सबसे अच्छा साधन है। महामारी के बीच इसका संचालन बंद होने से स्थानीय निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। खासतौर से ग्रामीण इलाकों के लोग परेशान थे। अब यह समस्या दूर हो गई है।

# नोएडा के शंभू प्रसाद पोखरियाल समाजवादी पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर के निवर्तमान महासचिव शंभू प्रसाद पोखरियाल को समाजवादी पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, इसके लिए उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी का तहे दिल से धन्यवाद दिया , और कहा कि वह पूरी मेहनत के साथ उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी को बढ़ाने का काम करेंगे और समाजवादी पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे, पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी व निवर्तमान महानगर अध्यक्ष दीपक विग ने भी शंभू प्रसाद पोखरियाल को बधाई दी और अखिलेश यादव को धन्यवाद दिया कि उन्होंने नोएडा के शंभू प्रसाद पोखरियाल को उत्तराखंड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है, मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता गौरव कुमार यादव ने भी शंभू प्रसाद पोखरियाल को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

### गणेश चतुर्थी पर पौधारोपण किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** महर्षि आश्रम नोएडा में चल रहे गणेश चतुर्थी पूजा महोत्सव 31 अगस्त से 9 सिंतबर में प्रस्तावित पौधरोपण के कार्यक्रम के लिए पर्यावरण चिंतक राजीव शर्मा द्वारा महर्षि आश्रम के व्यस्थापक(एडमिन) विनीत कुमार श्रीवास्तव व मीडिया प्रभारी ए के लाल को अमरूद, बाँस, जामुन, आँवल, अर्जुन , अलस्टोनिया आदि के 200 पौधे भेंट स्वरूप दिये गए , ए के लाल ने बताया कि राजीव शर्मा मुख्यमंत्री योगी जी के 25 करोड़ पौधरोपण के सपने को साकार करने में जी जान से लगे हुए हैं व पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहते है व कई नगरों में हज़ारों पौधे रोपित कर उनको सिंचित करने का पावन कार्य कर रहे है।

# संरक्षण गृह में बंद महिलाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट के राज्यों को निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संरक्षण गृहों में रखी गई वयस्क महिलाओं की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य सरकारों से अदालत द्वारा



नियुक्त समिति की सिफारिशों के अनुरूप सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया है। इन महिलाओं को उनकी इच्छा के विरुद्ध अनैतिक दुर्व्यापार निवारण अधिनियम (आइटीपीए) के तहत बनाए गए संरक्षण गृहों में रखा गया है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने यह निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने समिति की कुछ सिफारिशों को इस साल 19 मई को स्वीकार किया था। समिति की एक सिफारिश सर्वेक्षण को लेकर था, ताकि संबंधित महिलाओं के मामलों की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से उनकी रिहाई सुनिश्चित कराई जा सके। अदालत ने राज्य सरकारों से सर्वेक्षण कराकर आज की तारीख से 12 हफ्ते के भीतर रिपोर्ट में दाखिल करने का आदेश दिया है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने यह निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने समिति की कुछ सिफारिशों को इस साल 19 मई को स्वीकार किया था। समिति की एक सिफारिश सर्वेक्षण को लेकर था, ताकि संबंधित महिलाओं के मामलों की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से उनकी रिहाई सुनिश्चित कराई जा सके। अदालत ने राज्य सरकारों से सर्वेक्षण कराकर आज की तारीख से 12 हफ्ते के भीतर रिपोर्ट में दाखिल करने का आदेश दिया है। अदालत ने यह भी कहा है कि संबंधित राज्य सरकारों द्वारा संबंधित विभाग के सचिव द्वारा दायर हलफनामे के आधार पर रिपोर्ट पेश की जाएगी। प्रतिवादी की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील आनंद ग्रोवर ने कहा कि इस अदालत के निर्देशानुसार राज्य सरकारों द्वारा सर्वेक्षण नहीं किया गया है। प्रतिवादी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य सरकारों द्वारा सर्वेक्षण नहीं किया है। इससे पहले, कोर्ट द्वारा नियुक्त पैनल ने एक सहित विभिनन्न दिशानिर्देशों की सिफारिश की थी कि जब भी किसी वेश्यालय पर छापा पड़ता है, क्योंकि स्वैच्छिक यौन कार्य अवैध नहीं है और केवल वेश्यालय चलाना गैरकानूनी है। संबंधित यौनकमिन्यों को गिरफ्तार या दंडित या परेशान नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन भारत सरकार ने पैनल द्वारा की गई सिफारिशों के संबंध में कुछ आपत्तियां उठाई, जिसमें स्वैच्छिक यौन कार्य अवैध नहीं है और केवल वेश्यालय चलाना गैरकानूनी है और यौनकमिन्यों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना है।

# ईडी की छापेमारी पर कंपनियों की मिलीजुली प्रतिक्रिय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ईडी ने शनिवार को कहा कि आनलाइन भुगतान प्लेटफार्म-पेटीएम, रेजरपे और कैशफ्री के बेंगलुरु स्थित परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। चीनी नागरिकों के नियंत्रण





वाली कंपनियों द्वारा ऋण देने में अनियमितताओं की जांच के तहत यह कार्रवाई शुरू की गई है। ईडी ने शनिवार शाम को बताया कि तलाशी का यह अभियान इन कंपनियों के बेंगलुरु स्थित छह परिसरों में कल शुरू हुआ था और अब भी जारी है ईडी की छापेमारी पर पेटीएम ने कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया है। रेजरपे के प्रवक्ता ने कहा कि जांच में हम सहयोग कर रहे हैं और केवाईसी तथा अन्य विवरण हमने एजेंसी को उपलब्ध कराया है। हमारे काम करने के तरीके से अधिकारी संतुष्ट थे। कैशफ्री पेमेंट ने कहा कि हमने ईडी के साथ पूरा सहयोग किया। हम अपने कामकाज में पीएमएलए तथा केवाईसी के निर्देशों का पालन करते हैं और ऐसा करना जारी रखेंगे। ईडी ने इन कंपनियों की मर्चेट आइडी और बैंक खातों में जमा 17 करोड़ रुपये की राशि भी छापेमारी के दौरान जब्त कर ली है। जब कोई व्यापारी पेमेंट प्रोफाइल सेट करता है, तो गूगल उस प्रोफाइल को एक खास अंकों वाला कोड असाइन करता है, जिसे मर्चेट आइडी कहा जाता है। ईडी ने कहा कि वह मनी लांड्रिंग से जुड़े जिस मामले की जांच कर रही है, वह बेंगलुरु पुलिस साइबर क्राइम स्टेशन में दर्ज 18 प्राथमिकियों पर आधारित है। जबरन वसूली और लोगों का उत्पीड़न करने के आरोप में ये प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। लोगों ने चीनी पेमेंट कंपनियों से मोबाइल एप के जरिये छोटा-मोटा कर्ज लिया था, जिसकी वसूली में उन्हें उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा। इस तरीके से दिया जाता है फर्जीवाड़े को अंजाम ईडी के अनुसार, चीनी कंपनियों ने कारपोरेट मामलों के मंत्रालय को जो पते दिए थे, वहां से इनका संचालन नहीं होता है। इनके पते फर्जी हैं। ये कंपनियां भारतीयों के फर्जी दस्तावेज से उन्हें 'कठपुतली निदेशक' बनाती हैं, लेकिन इनका नियंत्रण एवं परिचालन चीनी नागरिक करते हैं। इन कंपनियों ने भुगतान सेवा प्लेटफार्म और बैंकों से जुड़ी मर्चेट आइडी या खातों का इस्तेमाल कर गैरकानूनी व्यापार किया कंपनियों की ओर से दी जाती थी धमकि?यां पुलिस का कहना था कि लोन देने के बाद इन कंपनियों की ओर से सीधे-सादे लोगों को उनका निजी विवरण सार्वजनिक करने की धमकी दी जाती थी। लोगों को डराने के लिए कंपनियों के एजेंट अन्य हथकंडे भी अपनाते थे। इसके बाद ईडी ने मनी लांड्रिंग निवारण कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धारा के तहत जांच शुरू की। इन कंपनियों पर एप डाउनलोड करते समय ही कर्जदारों का निजी विवरण हासिल कर लेने का भी आरोप है। उनकी ब्याज दर भी बहुत ऊंची होती थी।

# शैलेन्द्र कुमार ने अपनी टीम सहित सपा से किया किनारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महानगर समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल के श्रीकांत त्यागी( सोसाइटी के महिला के साथ बदतमीजी एवं धक्का-मुक्की के साथ वैश्य जाति पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने की अपराधी) के परिवार से मिलने के पार्टी के निणन्य



से असहमत हूं। जिला उपाध्यक्ष नोएडा महानगर ने कहा कि अपने पद एवं समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सोसायटी के अपने सभी सहयोगियों के साथ इस्तीफा दे रहा हूं महिलाओं के साथ गाली गलौज धक्का-मुक्की और बदतमीजी मुझे या मेरे किसी भी सहयोगी को बर्दाश्त नहीं है आखिर राष्ट्रीय अध्यक्ष 9 सदस्य प्रतिनिधिमंडल इनाम घोषित अपराधी श्रीकां त्यागी के परिवार से मिलने की अनुमति कैसे दे सकते हैं जिस अपराधी प्रवृति के व्यक्ति से बीजेपी दामन छुड़ा ली उससे सपा कैसे चिपक सकती है सोसाइटी के अलावा नोएडा उत्तर प्रदेश और पूरे देश में हर कोई महिला की साथ दुर्व्यवहार पर दुखी हैं ज्ञात रहे जिस दिन विशेष वर्ग की रैली श्रीकांत के पक्ष में हुई थी उसी दिन सोसायटीओं में महिलाओं ने जोरदार विरोध किया था राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश जी को मैं बताना चाहता हूं कि उस रैली में, नोएडा के किसी भी सोसाइटी के 10 लोग भी श्रीकांत के पक्ष में नहीं पहुंचे थे त् सभ्य समाज में कोई भी इंसान महिला के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेगा चाहे वह किसी भी जाति धर्म संप्रदाय लिंग या भाषा का हो मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय से पूछना चाहता हूं कि जब यह मामला ठंडा पड़ रहा था तो अचानक महिला विरोधी निणन्य क्यों? आखिर कहीं ठंडे तवे पर रोटी सिकती है क्या महिला की प्रतिष्ठा से छेड़छाड़ का यह संवेदनशील मामला है जिसमें आधी आबादी श्रीकांत त्यागी के इस घृणित कृत्य से दुखी है और न्याय चाहती है त् इसका वीडियो भारत के हर महिलाओं एवं बच्चियों के पास पहुंच चुका है त्इसके अलावा जातिसूचक शब्द का गंदे तरीके से प्रयोग श्रीकांत द्वारा किया गया है प्रतीत होता है कि यह प्रतिनिधिमंडल सिर्फ श्रीकांत त्यागी को संतुष्ट करने के लिए भेजा जा रहा है क्योंकि ज्यादातर सदस्य उसी के जात के हैं,जबकि पीडि़त महिला के जाति के एक भी सदस्य को उस डेलिगेशन में रखा नहीं गया है त् इसका मतलब यह है समाजवादी पार्टी के इस डेलिगेशन भेजने से जातीय संघर्ष को बढ़ावा मिलेगा त् समाजवादी पार्टी पर पहले से ही जातीयता का ठप्पा लगते रहा है विधानसभा चुनाव में सुनील चौधरी जी ने सोसायटी के लोगों को जोड़ने की कोशिश की थी और इसका फायदा चुनाव में भी मिला त् जहां सोसायटी ओं में बस्ते नहीं लगते थे पोलिंग एजेंट नहीं बनते थे इस बार मेरे नेतृत्व में बना त् जहां सोसाइटी की महिलाएं समाजवादी पार्टी के तथाकथित गुंडागर्दी के कारण, समाजवादी पार्टी से दूर रहती थी ,मेरे आने से उनका पार्टी पर भरोसा बढ़त,सोसाइटी की महिलाएं बढ़-चढ़कर चुनाव एवं समाजवादी कार्यक्रम में हिस्सा लिया त् कई महिलाएं पोलिंग एजेंट भी बनी त्अब वही महिलाएं अब श्रीकांत त्यागी मामले पर सपा का पक्षधर होने पर प्रश्न उठा रही है जिसका जवाब देना मेरे लिए कठिन हो रहा है इन्हीं कारणों के से व्यथित होकर मैं अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष पद एवं प्राथमिक सदस्यों से इस्तीफा दे रहा हूं ।

# गैस को लेकर मास्को ने यूरोप को घेरा, यूक्रेन के परमाणु संयंत्र में रूकी बिजली सप्लाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच एक परमाणु ऊर्जा फेल होने के बाद संयुक्त राष्ट्र के निरीक्षकों ने शनिवार को कहा कि किसी बड़ी आपदा की आशंका को देखते हुए मास्को ने जर्मनी के लिए अपनी मुख्य गैस पाइपलाइन को पश्चिमी पड़ोसी देशों की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए बंद रखा है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएइए) ने कहा कि यूरोप के सबसे बड़े ज़ापोरिज्जिया संयंत्र की आखिरी शेष मुख्य बाहरी बिजली लाइन कट गई थी, हालांकि एक



रिजर्व लाइन ग्रिड को बिजली की आपूर्ति जारी है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि स्टेशन के छह रिएक्टरों में से केवल एक ही चालू है। 24 फरवरी के आक्रमण के तुरंत बाद रूसी सैनिकों द्वारा जब्त किया गया संयंत्र, संघर्ष का केंद्र बिंदु बन गया है, जिसमें प्रत्येक पक्ष एक-दूसरे को आस-पास की गोलाबारी के लिए दोषी ठहरा रहा है। रूसी गैस और तेल निर्यात पर गतिरोध पिछले हफ्ते तेज हो गया क्योंकि मास्को ने जर्मनी में अपनी मुख्य गैस पाइपलाइन को बंद रखा और जी 7 देशों ने रूसी तेल निर्यात पर एक नियोजित मूल्य सीमा की घोषणा की। ऊर्जा की लड़ाई राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन पर छह महीने के आक्रमण का नतीजा है, जो मास्को और पश्चिमी देशों के बीच गहरी दरार को रेखांकित करता है। नार्ड स्ट्रीम 1 पाइपलाइन के लगातार बंद रहने का हवाला देते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को अपने रात के संबोधन में कहा, रूस इस सर्दी के लिए सभी यूरोपीय लोगों पर एक निर्णायक ऊर्जा झटका लगा रहा है।ज़ेलेंस्की ने 25 अगस्त की कटऑफ के लिए रूसी गोलाबारी को दोषी ठहराया। मास्को ने ऊर्जा अवरोधों के लिए पश्चिमी प्रतिबंधों और तकनीकी मुद्दों का हवाला दिया है, जबकि यूरोपीय देशों ने रूस पर अपने सैन्य आक्रमण के हिस्से के रूप में हथियारों की आपूर्ति का आरोप लगाया है। कीव और मास्को ने ज़ापोरिज्जिया संयंत्र पर हमलों के बारे में आरोपों का आदान-प्रदान किया है, जो अभी भी यूक्रेनी कर्मचारियों द्वारा संचालित है। आइएइए ने शनिवार को कहा कि शेष निरीक्षकों ने नोट किया कि एक रिएक्टर अभी भी ठंडा करने और अन्य आवश्यक सुरक्षा कार्यों के लिए और ग्रिड के माध्यम से घरों, कारखानों और अन्य के लिएठ बिजली का उत्पादन कर रहा था। संयंत्र ने एक बयान में कहा कि पांचवें रिएक्टर को रूसी कब्जे वाले बलों द्वारा लगातार गोलाबारी के परिणामस्वरूप बंद कर दिया गया था।

# गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती के अवसर पर गुर्जर नेताओं ने भरी हुंकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**दादरी अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा गौतमबुद्धनगर इकाई के द्वारा अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के अवसर दादरी स्थित मिहिर भोज इंटर कॉलेज के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन कर गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री वेदराम भाटी एवं संचालन अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सिंह भाटी ने किया। इस अवसर पर सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि सम्राट मिहिर भोज एक चक्रवर्ती सम्राट थे। उन्होंने 836 ईस्वीं से 885 ईस्वीं तक 49 साल के लंबे समय तक शासन किया था। उन्होंने विदेश आक्रांताओं से भारत की रक्षा की और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य किये। सम्राट मिहिर भोज के राज्य का विस्तार वर्तमान मुल्तान से लेकर बंगाल तक और कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक फैला हुआ था। हमें सम्राट मिहिर भोज को आदर्श मानते हुए अपने राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री वेदराम भाटी ने कहा कि गुर्जर समाज ने सदैव देश और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया है और समाज आगे राष्ट की रक्षा के लिए समर्पित रहेगा। गुर्जर समाज अब जागरूक हो रहा है, समाज के नौजवान आगे बढ़कर देश को गौरवान्वित कर रहे है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने कहा कि हम सब लोगों को अब गांव- गांव जाकर गुर्जर समाज को जगाना होगा और उन्हें शिक्षा एवं संस्कार का महत्व समझाना होगा। इस मौके पर विजेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि भारत के इतिहास में गुर्जर प्रतिहार वंश के योगदान को एक षडयंत्र के तहत दबाया गया है। आज समाज नौजवान बहुत मेहनत करके अपने इतिहास को खोज करके ला रहे है। समाज मे एकजुटता और जागृति के लिए गुर्जर समाज को जागरूक करना होगा। इस मौके पर मुख्य रूप नवाब सिंह नागर, फकीर चंद नागर,दिनेश गुर्जर, बिजेंद्र भाटी, राव संजय भाटी,बिजेंद्र नागर, ईश्वर मावी,प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट, देवेंद्र टाइगर एडवोकेट, डॉ अजय भाटी, रामकुमार तवर दीपक भाटी चोटीवाला, गौतम अवाना,तेजा गुर्जर, मनवीर भाटी, देवेश राणा ,प्रदीप कसाना, नीतीश भाटी, गौरव कसाना, मनवीर भाटी, दीपक नागर, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# सोनभद्र मानव सेवा आश्रम ट्रस्ट के द्वारा बच्चों में फल का हुआ वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के करमा ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा सुकृत में स्थित सोनभद्र मानव सेवा आश्रम ट्रस्ट के कार्यालय पर बच्चों में फल (केले) का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माता प्रसाद तिवारी रहे। केले पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। अतिथि महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को नियमित रूप से फलों का सेवन करना चाहिए। इसके सेवन से हमारा शरीर स्वस्थ व निरोग है। चाहे कोई भी मौसम हो, मौसमी फल अवश्य खाना चाहिए। पुरानी कहावत है कि- एक केला रोज खाइये, डाक्टर को दूर भगाइए। अंत में ट्रस्ट के संस्थापक/ राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे ट्रस्ट के माध्यम से गरीब व असहाय लोगों की सेवा पिछले 4 वर्षों से की जा रही है तथा आगे भी होती रहेगी। इसकी स्थापना 29 अगस्त 2018 को हुआ है। ट्रस्ट आयकर विभाग के सेक्शन 80 उ के तहत छूट प्राप्त ट्रस्ट है। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम विश्वकर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, जिला सचिव सोनभद्र डाक्टर दिनेश कुमार, सदस्य पंकज कुमार, सरवरे अख्तर तथा बच्चे मौजूद रहे।

# शराब माफियाओं की ढाई करोड़ की संपत्ति कुर्क एसडीएम के साथ गांव पहुंची तीन थानों की पुलिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** शराब माफियाओं पर पुलिस का डंडा चला है। शनिवार को पुलिस ने दुर्गागंज के गंगारामपुर में अंर्तजनपदीय शराब माफिया और उसके गैंग के सदस्य की दो करोड़ 57 लाख की चल-अचल संपति कुर्क कर दी। पेशेवर अपराधियों के खिलाफ टोलेरेंस के तहत सख्ती की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत पेशेवर अपराधियों के खिलाफ सख्ती की जा रही है। शनिवार को एसडीएम भदोही चंद्रशेखर संग भदोही, सुरियावां और दुर्गागंज पुलिस गंगारामपुर गांव पहुंची। जहां गैंगेस्टर सरायभाव सिंह में 1.233 हेक्टेयर जमीन जिसकी कीमत 84 लाख 69 हजार, तीन दो पहिया, चार पहिया वाहन (अर्टिगा कार, बोलेरो और एस्कॉर्ट ट्रैक्टर जिसकी कीमत 16 लाख 55 हजार और बैंक में जमा नौ लाख शामिल है।दोनों की चल-अचल कुल दो करोड़ 57 लाख 88 हजार



पुलिस का कड़ा एक्शन जारी है। शनिवार को पुलिस ने दुर्गागंज के गंगारामपुर में अंर्तजनपदीय शराब माफिया और उसके गैंग के सदस्य की दो करोड़ 57 लाख की चल- अचल संपति कुर्क कर दी। पुलिस एवं प्रशासनिक कार्रवाई से क्षेत्र में खलबली मची रही। पुलिस के रडार में शामिल 26 अन्य मादक पदार्थ तस्करों पर जल्द ही कुर्की की कार्रवाई होगी। जिले में सरकार की मंशा के अनुसार अपराधियों के खिलाफ जीरो एक्ट के आरोपी एवं अंतर्जनपदीय शराब तस्कर गुलाब जायसवाल और गैंग के सदस्य अनिल जायसवाल की संपति कुर्क की गई। एसपी के मुताबिक दोनों भौतिक, आर्थिक लाभ के लिए साल 1992 से अवैध शराब का निर्माण, तस्करी जैसे अपराध में शामिल रहे। दोनों ने शराब तस्करी से अर्जित धन से करोड़ों की संपति बनाई। इसमें हरिकरनपुर में मकान और दुकान बनाया। जिसकी कीमत एक करोड़ 47 लाख 62 हजार, 534 रूपये को कुर्क किया गया। एसपी ने बताया कि गैंगेस्टर एक्ट के तहत डीएम आर्यका अखौरी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि शराब माफिया गुलाब जायसवाल और अनिल जायसवाल थाने के हिस्ट्रीशीटर संग टापटेन अपराधी है। उन्होंने बताया कि 26 अन्य शराब, गांजा माफियाओं के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई होगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी भदोही अजय चौहान, थाना प्रभारी गगनराज सिंह, विश्व ज्योति राय,चित्रकुट पुरी आदि रहे।

# नदी में डूबा अधेड़ व्यक्ति का शव चौबीस घंटे बाद तैरते हुए मिला



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के चुनियरा में एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा मछली का जाल नदी से निकालने के दौरान आशंका जताई जा रही है कि मगरमच्छ अधेड़ को निगल गया। चोपन थाना अंतर्गत डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत के टोला चुनियरा के लाल मनी उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र तिलेश्वर बैगा बिते सोमवार शाम को मछली पकड़ने के लिए पंचूडीह सोन नदी घाट पर जाल लगाया था दुसरे दिन मंगलवार सुबह पांच बजे जाल नदी से निकालने पानी पहुंचा जहां से वह वापस बाहर नहीं आया कई घंटों के बाद घर नहीं पहुंचे पर परिजन खोज बिन करने लगे। सुबह से शाम होने तक नदी के आसपास क्षेत्रों में खोजने का प्रयास किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका बुधवार सुबह तड़के ही गांव के लोगों द्वारा खोज बिन करते हुए घटना स्थल से लगभग एक किलो मीटर दूरी नदी में तैरते हुए शव दिखाई दिया और शव को बाहर निकाला गया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डाला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुटी

# पूर्व विधायक और उनके कुनबे की 3.34 करोड़ की संपति कुर्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ज्ञानपुर।** पूर्व विधायक विजय मिश्र और उनके कुनबे की मुश्किलें बढ़ रही हैं। गैंगस्टर एक्ट के तहत डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को विजय मिश्र, उनकी बहू और बेटे के नाम की 3.34 करोड़ की नवधन स्थित अचल संपति कुर्क कर ली गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में यह कार्रवाई हुई। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि विजय मिश्र निवासी खपटिहा थाना हंडिया, जनपद प्रयागराज और वर्तमान पता कौलापुर थाना गोपीगंज ने अपने गिरोह के साथ डरा धमकाकर स्वयं और गिरोह के सक्रिय सदस्य पुत्र विष्णु मिश्र, पतनी रामलली मिश्रा और बहू रूपा मिश्रा के नाम से नवधन में जमीन खरीदी थी। यह जमीन तहसील ज्ञानपुर के नवधन में 5,590 वर्ग मीटर है। वर्तमान खतौनी में विजय कुमार मिश्र, रामलली मिश्रा पतनी विजय कुमार मिश्र, रूपा मिश्रा पतनी विष्णु कुमार मिश्र और विष्णु मिश्र पुत्र विजय मिश्र के नाम दर्ज है। इसकी अनुमानित कीमत तीन करोड़, 34 लाख, 37 हजार 700 रुपये है। एसपी ने बताया कि इस अचल संपत्ति को जिला मजिस्ट्रेट के 31 अगस्त के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया। पूर्व विधायक विजय मिश्र वर्तमान में रिश्तेदार की प्रॉपर्टी हड़पने, सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आगरा जेल में बंद हैं। कुछ दिन पहले भी जिलाधिकारी के आदेश पर उनके भतीजे चंद्र प्रकाश मिश्र की पतनी पुष्पलता के नाम की दो करोड़ पचास लाख की संपत्ति कुर्क की गई थी। इससे पहले भी पूर्व विधायक और उनके करीबियों की संपत्ति कुर्क हो चुकी है।

# पाइपलाइन ध्वस्त, घरों में पहुंच रहा दूषित पानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ज्ञानपुर/ सुरियावां।** एक से डेढ़ दशक पूर्व नगरों में पानी सप्लाई के लिए लगी पाइप लाइन जर्जर होने के कारण ध्वस्त हो चुकी हैं। सबसे खराब हालत सुरियावां नगर की है। जहां घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है। यह मामला नया नहीं है। करीब दो साल से यह स्थिति बनी है। अब तक नगर पंचायत की ओर से सुधार के लिए कोई पहल नहीं की गई। नगर पंचायत ज्ञानपुर के वार्ड नौ में भी कभी कभार



कई वार्डों में पानी आपूर्ति की पाइप ध्वस्त हो गई है। इससे घरों में दूषित पानी पहुंच रहा। संक्रमण से बचने के लिए लोग सिर्फ कपड़े आदि धोने के लिए इस्तेमाल करते हैं। जिले में वैसे तो सात नगर निकाय हैं। इनमें भदोही, गोपीगंज, ज्ञानपुर, नई बाजार, खमरिया, घोसिया और सुरियावां शामिल है। नगर पालिका भदोही, गोपीगंज में नई पाइपलाइन लगने से आपूर्ति व्यवस्था सुधर गई, लेकिन सुरियावां के अंबेडकर नगर, नेतानगर सहित कई वार्डों में पुरानी पाइपलाइन कई स्थानों पर टूट गई है। इससे दूषित पानी की आपूर्ति होती है। यही नहीं, सुरियावां के वार्ड एक अंबेडकर नगर में पाइप लीकेज होने से सड़क पर पानी फैल रहा है। विजय कुमार गुड्डू, रमेश, मुनन, पप्पू, नरेंद्र आदि नगर पंचायत से पाइप को सही कराने की मांग की।तटवर्ती गांव की एक हजार बीघे से अधिक दलहन, तिलहन और धान की फसल डूबकर नष्ट हो चुकी है। बस्तियों में संक्रमण से बचने के लिए दवाओं का छिड़काव भी गिने-चुने स्थानों पर ही किया गया। करीब एक सप्ताह तक गंगा तेजी से बढ़ी, लेकिन तीन दिनों से जलस्तर में गिरावट हो रही है।

# कीचड़ से सनी ग्रामीण सड़कें, चलना मुश्किल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ज्ञानपुर।** ग्रामीण सड़कों की हालत सुधर नहीं रही है। कमिशन्र की



सख्त हिदायत के बाद भी कार्यदायी संस्थाएं उदासीन बनी हैं। इस कारण लोगों का सफर करना मुश्किल हो गया है। बारिश में कीचड़ से सनी इन सड़कों पर चलना खतरे से खाली नहीं है। मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने दो दिन पूर्व खमरिया नगर का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिया था कि सड़कों को दुरुस्त करें, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हो सकी है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत, ग्रामीण अभियंत्रण की करीब 2300 किलोमीटर सड़कों में पांच सौ किलोमीटर ग्रामीण सड़कें आवागमन योग्य नहीं रह गई हैं। गड्ढामुक्त अभियान का भी इन सड़कों की सेहत पर असर नहीं पड़ा। जिला पंचायत की सड़क सूफीनगर-गोधना से जंगीगंज हाल्ट पर आवागमन करने वाले इम्तियाज, सुरेश, बबलू ने बताया कि सड़क के किनारे नाले का निर्माण हुआ है लेकिन अतिक्रमण के कारण गंदा पानी नहीं निकल पा रहा है। इस कारण सड़क बरसात हो या अन्य मौसम, हर समय कीचड़ से सनी रहती है। डीघ ब्लॉक के अंतिम गांव करवधिया निवासी पवन, पंकज, दीपक, राजकुमार, राजू, मुनन, आदित्य त्रिपाठी ने बताया कि मात्र दो किलोमीटर सड़क का रखरखाव जिला पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधि नहीं करा पा रहे हैं। अभोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली सड़क भी कीचड़ से सनी है। विनोद, राहुल ने बताया कि तीन साल बीतने पर भी सड़क की हालत नहीं सुधर सकी है। बारिश में मरीज और स्थानीय गांव के लोग घुटने भर कीचड़ से होकर जाते हैं। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एसबी राव ने बताया कि प्रस्तावित बजट न मिलने से दिक्कत हो रही है। बारिश बाद सड़कों की मरम्मत होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि सड़कों की मरम्मत का टेंडर हो चुका है। बारिश थमने के बाद काम शुरू हो जाएगा। सुरियावां। ब्लॉक क्षेत्र के बेला त्रिमुहानी से हरिहरपुर साड़ा जाने वाला मार्ग छह महीने में टूट गया। चार स्थानों पर सड़क धंसने से चलना दुरूह हो गया है। कैड़ा में एक, तेजसिंहपुर में दो और अभया बाजार में एक जगह सड़क टूटी है। ग्रामीण संतोष कुमार, जगदीश ने कहा कि कमीनखोरी के कारण सड़कें मानक के अनुसार नहीं बनतीं। उन्होंने सड़क निर्माण की जांच कराने और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की। इसी तरह अभिया बाजार से हरिपुर मार्ग, मतेथू से भिखमापुर, बसवापुर मार्ग भी खराब हो चुकी है।

# 62 लाख से स्थापित होंगे बेंच, मिलेगी सहूलियत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ज्ञानपुर।** डीघ ब्लॉक के धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर बैठने की सुविधा के लिए बेंच लगाए जा रहे हैं। ब्लॉक निधि से 62 लाख की लागत से करीब एक हजार बेंच स्थापित होंगे। शुरुआती चरण में 600 से अधिक स्थानों पर लग चुके हैं जबकि बाकी स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। जिले के डीघ ब्लॉक में प्रमुख धार्मिक स्थल सीतामढ़ी और सेमराध स्थित हैं। इसके अलावा कई छोटे-बड़े ऐतिहासिक शिवालय और देवी मंदिर भी हैं, लेकिन वहां पर भक्तों के बैठने आदि की सुविधा नहीं है। जंगीगंज, सुभाषनगर सहित छोटे बाजारों में भी गिने-चुने स्थानों पर ही राहगीरों को बैठने की सुविधा है। इससे बाजार आने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुविधा के लिए ब्लॉक संचालन समिति के अध्यक्ष मनोज मिश्र सभी धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर बेंच की स्थापना करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक सीमेंटेड बेंच की कीमत 6200 रुपये है। इस हिसाब से एक हजार स्थानों पर लगने वाले बेंच पर करीब 62 लाख खर्च होंगे। 600 से अधिक स्थानों पर बेंच लग चुके हैं। उन्होंने बताया कि पानी की सुविधा के लिए 50 स्थानों पर सोलर वाटर पंप और धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर 300 सोलर लाइट भी लगाई जाएंगी।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह, खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों ने शुक्रवार को ज्ञानपुर, डीघ, अभोली, सुरियावां, भदोही और औराई ब्लॉक के 45 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इसमें 10 शिक्षक और शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले। सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। बीएसए सुबह सवा आठ बजे प्राथमिक विद्यालय लखनों पहुंचे। यहां शैक्षिक गुणवत्ता, साफ-सफाई ठीक मिली। खंड शिक्षा अधिकारियों के निरीक्षण में डीघ के बारीपुर स्कूल में जितेंद्र कुमार, सुरेखा, अंजनराज यादव, जंगलपुर में किरन देवी, किरन शुक्ला, चेरापुर में आरती सिंह, सीकीचौरा में धीरेंद्र कुमार पांडेय, जंगीगंज द्वितीय में ज्योति तिवारी, अभोली के गंगारामपुर में मिलन यादव और गौरा में सुजाता शुक्ला अनुपस्थित मिलीं। सभी का वेतन और मानदेय अग्रिम आदेश तक रोका गया।

# दुष्कर्म के दोषी अमेरिका को 20 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश (सीएडब्लू) सोनभद्र आशुतोष सिंह की अदालत ने 11 वर्ष पूर्व महिला के



साथ घर में घुसकर किए गए दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए बुधवार को दोषसिद्ध पाकर दोषी अमेरिका को 20 वर्ष की कैद एवं एक लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं पीड़िता को अर्थदंड की आधी धनराशि मिलेगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने राबट्र्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 12 जुलाई 2011 को रात करीब 12 बजे सेहुआ गांव निवासी राजकुमार व अमेरिका उसके घर में घुस गए और उसकी पतनी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। शोरगुल को सुनकर आसपास के तमाम लोग आ गए और घटना को देखा व सुना। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया

**एक लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद**
**- अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी**
**- 11वर्ष पूर्व घर में घुसकर महिला के साथ हुए दुष्कर्म का मामला**

था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी अमेरिका को 20 वर्ष की कैद एवं एक लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। जबकि पीड़िता को अर्थदंड की आधी धनराशि मिलेगी।अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक एडवोकेट ने बहस की।

# गंगा पार रेती पर 2200 करोड़ से बनेगी हाईटेक फोरलेन, बनेगा पर्यटन का नया केंद्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** गंगा पार रेती पर रिवर फ्रंट योजना के लिए जिला प्रशासन ने एनओसी जारी कर दी है। सात किमी लंबी फोरलेन वाली सड़क पर खर्च के लिए 2200 करोड़ रुपये बजट निर्धारित है। वाराणसी में गंगा पार तैयारी में है। सड़क पर 2200 करोड़ रुपये खर्च करने का बजट तय किया गया है। अब परियोजना का टेंडर निकाले जाने की तैयारी है। वहीं स्थानीय स्तर पर प्रशासन सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। इसमें नगर निगम, विकास



रेती को गुलजार करने की कवायद में प्रस्तावित रिवर फ्रंट योजना दिसंबर तक साकार हो जाएगी। रामनगर से पड़ाव के बीच करीब सात किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क के लिए प्रशासन की अनापत्ति जारी कर दी गई। केंद्र के तीन मंत्रालयों की एनओसी की प्रक्रिया भी अंतिम दौर में है। वहीं फोरलेन के लिए चिह्नित जमीनों को भी प्रशासन अधिग्रहण करने की प्राधिकरण, वन विभाग सहित अन्य स्थानीय विभागों से अनापत्ति प्राप्त कर ली गई है। केंद्र के नमामि गंगे, पर्यावरण मंत्रालय और वन मंत्रालय से मांगी गई अनापत्ति अब अंतिम दौर में है।गंगा का जलस्तर कम होने का इंतजार मंत्रालयों से मांगे गए सवालों पर जवाब भेज दिए गए हैं और वहां से सैद्धांतिक मंजूरी भी मिल गई है। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने कहा कि रिवर फ्रंट योजना में स्थानीय विभागों की एनओसी मिल गई है। मंत्रालयों ने भी इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। गंगा का जलस्तर कम होने के बाद सर्वे की रिपोर्ट शासन को भेजेंगे और इसके बाद निविदा प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। दिसंबर तक निविदा जारी कर दी जाएगी। गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर बनने वाले इस परियोजना की सभी कागजी कार्रवाई सितंबर तक पूरी कर ली जाएगी। रामनगर से राजघाट तक गंगा के समानांतर लगभग सात किमी लंबी फोरलेन सड़क और अन्य विकास कार्यों के लिए 26 सौ करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस सड़क का गंगा पार रेती से सीधा जुड़ाव होने के कारण चंदौली, मिर्जापुर, बिहार और मध्यप्रदेश सहित अन्य नगरों के यात्रियों व श्रद्धालु बिना नगर में प्रवेश किए सीधे गंगा घाटों पर पहुंच जाएंगे। इसके साथ ही यहां लगभग 10 हजार वाहनों की पार्किंग, पार्क, सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य भी कराए जाएंगे। जल परिवहन का बनेगा नया प्लान रिवर फ्रंट योजना के जरिए प्रशासन जल परिवहन का भी नया प्लान बनाने की तैयारी में है। कारण, सात किलोमीटर लंबी सड़क में तीन जेटी के जरिए शहर को जलमार्ग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जेटी के जरिए नावों का संचालन किया जाएगा। यही कारण है कि यहां पार्किंग की भी व्यवस्था की जा रही है। गंगा में बाढ़ थमने के बाद जेटी का भी सर्वे शुरू किया जाएगा।

# डाक विभाग दे रहा छात्रों को छह हजार रुपये की छात्रवृत्ति, ये है पात्रता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**डाक टिकट संग्रह का शौक रखने वाले छात्रों को डाक विभाग एक साल में छह हजार रुपये छात्रवृत्ति देगा। डाक विभाग ने डाक संग्रह को प्रोत्साहन देने के लिए दीनदयाल स्पर्श योजना का शुभारंभ किया है डाक-टिकट संग्रह (फिलैटली) को शिक्षा प्रणाली की मुख्यधारा में लाने और इसके प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से डाक विभाग द्वारा विद्याथिर्यों को छात्रवृत्ति देगा। दीनदयाल 'स्पर्श' योजना (स्कॉलरशिप फॉर प्रमोशन ऑफ एप्टीट्यूड एंड रिसर्च इन स्टैप्स ऐज ए हॉबी) के तहत छह हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। विभाग की ओर से इसके चयन के लिए परीक्षा भी कराई जाएगी, जिसमें एक निर्धारित प्रारूप में 15 सितंबर तक आवेदन किया जा सकेगा। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि कक्षा 6 से 9 तक के बच्चों के लिए शुरू इस योजना में उन मेधावी छात्रों को वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिनका शैक्षणिक रिकार्ड अच्छा है।



इसके साथ ही उन्होंने शौक के तौर पर फिलेटली को अपनाया है। अखिल भारतीय स्तर पर विद्याथिर्यों को 920 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी और प्रत्येक डाक परिमंडल में कक्षा 6, 7, 8, और 9 के 10-10 विद्याथिर्यों को, अधिकतम 40 छात्रवृत्तियाँ प्रदान करेगा। छात्रवृत्ति की राशि 500 रुपये प्रतिमाह की दर से छह हजार रुपये प्रतिवर्ष होगी, जो कि तिमाही आधार पर देय होगी। क्या है मानक पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि छात्रवृत्ति की अहर्ता के लिए भारत में मान्यता प्राप्त विद्यालय का विद्यार्थी होना चाहिए। संबंधित विद्यालय का फिलैटली क्लब होना चाहिए और उम्मीदवार क्लब का सदस्य होना चाहिए। यदि विद्यालय में फिलैटली क्लब नहीं है, तो उस विद्यालय के ऐसे विद्यार्थी जिसका अपना फिलैटली जमा खाता है, के नाम पर भी विचार किया जा सकता है। फिलैटली डिपोजिट खाता डाकघर में न्यूनतम 200 से खोला जा सकता है। छात्रवृत्ति के लिए विद्याथिर्यों का चयन क्विज में प्रदर्शन के आधार पर होगा।

# प्रधानाध्यापिका के निलंबन पर फूटकर रोए बच्चे: कार्रवाई का किया विरोध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के एक स्कूल के बच्चे प्रधानाध्यापिका के निलंबन का विरोध कर रहे हैं।प्रधानाध्यापिका दीपमाला के निलंबन व सोमवार से स्कूल नहीं आने की जानकारी जब विद्याथिर्यों को हुई, तो उन्होंने रोते हुए शिक्षिका को घेर लिया और घर तक जाने से रोके रहे मिर्जापुर के छानबे विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय चडै.चा की प्रधानाध्यापिका दीपमाला के निलंबन व सोमवार से स्कूल नहीं आने की जानकारी जब विद्याथिर्यों को हुई, तो उन्होंने रोते हुए शिक्षिका को घेर लिया और घर तक जाने से रोके रहे। इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो वे भी पहुंच गए और प्रधानाध्यापिका के खिलाफ की गई कार्रवाई के प्रति विरोध जताने लगे। बच्चों व अभिभावकों ने शिक्षिका के कार्यों की प्रशंसा करते हुए निलंबन की कार्रवाई का विरोध किया। शनिवार की शाम पांच बजे तक बच्चों के जिद पर अडे. रहने पर मौके पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने उन्हें व उनके अभिभावकों को समझाया कि शिक्षिका यहीं रहेंगी। इसके बाद बच्चे माने और पांच बजे के बाद घर गए। इसके बाद स्कूल में ताला बंद हुआ।बता दें कि, बीते 27 अगस्त को स्कूल में रसोइया को बंद कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद जांच के लिए बीएसए ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी। जांच रिपोर्ट में शिक्षकों की गुटबंदी सामने आने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापिका व एक सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

# पाकिस्तान के खिलाफ 3 बदलाव के साथ उतर सकती है टीम इंडिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप राउंड 2 में आज शाम सुपर फोर का मुकाबला खेला जाना है। भारतीय टीम ने पहला







मुकाबला जीता था और पाकिस्तान हिसाब बराबर करने की पूरी कोशिश में उतरेगी। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के चोटिल होने के बाद अब टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में बदलाव होना पक्का है। पूर्व ओपनर वसीम जाफर ने एक दो नहीं बल्कि तीन बदलाव का सुझाव दिया है। वह रिषभ पंत को केएल राहुल की जगह पर टॉप आर्डर में रखना चाहते हैं। क्रिकइंफो से बात करते हुए मैं अक्षर पटेल को यकीनन खिलाउंगा, क्योंकि आपको एक बाएं हाथ का बल्लेबाज भी चाहिए। अक्षर पटेल का जो बल्लेबाजी फॉर्म रहा है वो कमाल का रहा है। जिस तरह से पिछली कुछ पारियां उन्होंने वेस्टइंडीज में खेली है। तो मैं उनको खिलाउंगा ही और हो सकता है जडेजा को जैसे यूज किया गया उनको भी यूज किया जाए। जैसा खिलाड़ी बाहर गया वैसा ही खिलाड़ी अंदर आ रहा है तो मेरे ख्याल से उनकी जगह बिल्कुल बनती है। मैं आवेश खान की जगह पर रवि बिशनेई को रखना चाहूंगा क्योंकि एक लेग स्पिनर का विकल्प, आक्रामक विकल्प होता है। पाकिस्तान में मुझे नहीं लगता है कि किसी ने उनको खेला होगा और आवेश का प्रदर्शन पिछले मैचों में बहुत ही साधारण सा रहा है। मैं एक और विकल्प की तरफ जाना चाहूंगा, वो है रिषभ पंत को टॉप आर्डर में बल्लेबाजी के लिए उतारना केएल राहुल की जगह पर। वैसे ऐसा देखने को शायद हमें ना मिले लेकिन फिर भी। देखिए हो सकता है कि केएल राहुल को टीम इंडिया बैक करे और रिषभ पंत की जगह ना बने। मैं कह रहा हूं क्योंकि उनको पास मोहम्मद नवाज हैं शाबाद खान हैं और अगर टॉप आर्डर में रिषभ पंत अच्छा खेलते हैं और मुझे लगता है कि अगर टी20 में वो उनके लिए बेहतर जगह है। जिस तरह से वो बेखौफ होकर टेस्ट और वनडे में खेलते हैं मुझे लगता है कि अगर वो उपर बैटिंग करेंगे तो टी20 में भी उनको वो आजादी मिलेगी। मुझे लगता है कि अगर ये बदलाव किए जाएं तो पाकिस्तान को ये दबाव में डालेगा। मोहम्मद नवाज और शादाब को कब गेंदबाजी के लिए लाएं। अगर खेलने उतरें तो उनके प्लान को खराब कर सकता है। पंत को उपर भेजना पाकिस्तान के कप्तान और मैनेजमेंट का सिर दर्द बन सकता है।

# एशिया कप में भारत का पलड़ा रहा है भारी, जानें क्या कहते हैं आंकड़े

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेट फैंस के लिए एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान मैच के रूप में सुपर संडे इंतजार कर रहा है। एशिया कप के लीग स्टेज मैच में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत जारी रखी थी और सुपर 4 के इस मैच में भी टीम इंडिया हावी होने का कोई भी मौका नहीं छोड़ेगी। एशिया कप में दोनों टीमों की राइवलरी की बात करें तो पाकिस्तान की तुलना में टीम काफी आगे नजर आती है। इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। इस फॉर्मेट में भारत 7-2 से आगे है। हेड टू हेड रिकॉर्ड एशिया कप- एशिया कप में अब तक दोनों टीमें 15 बार आपस में खेली है जिसमें से 9 बार बाजी भारत के हाथ लगी है जबकि 5 बार पाकिस्तान ने जीत हासिल की है। 1997 में मैच एक बार धुल गया था। एशिया कप




2022 में भी टीम इंडिया ज्यादा मजबूत नजर आ रही है। मैं, भारत के कप्तान रोहित शर्मा 134 में 31.43 के औसत और 139.85 के स्ट्राइक रेट से 3,520 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। भारत के दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली हैं। उन्होंने 101 ऊ20घ् में 50.78 की शानदार औसत और 137.12 की स्ट्राइक रेट से 3,402 रन बनाए हैं।पाकिस्तान के लिए, कप्तान बाबर आज़म 76 ऊ20घ् में 44.34 के औसत और 129.3 के स्ट्राइक रेट से 2,705 रन बनाकर चार्ट में सबसे आगे हैं। इस सूची में दोनों टीमों की तरफ से स्पिन गेंदबाजों का दबदबा रहा है। भारत की तरफ से जहां युजवेंद्र चहल ने 64 मैचों में 79 विकेट हासिल किए हैं तो वहीं पाकिस्तान की तरफ से शादाब खान के नाम 66 मैचों में 77 विकेट है। आज के मैच में भी दोनों गेंदबाज आमने-सामने हो सकते हैं। हालांकि चहल अब तक उस रंग में नजर आए नहीं जिसके लिए वह जाने जाते हैं।

# जडेजा पर कोच द्रविड़ का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने रवींद्र जडेजा के बारे में कहा कि वो टी20 वर्ल्ड कप 2022 से अभी बाहर



नहीं हुए हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2022 का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में होना है और इसमें वक्त है। राहुल द्रविड़ ने प्री मैच प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जडेजा के घुटने में इंजरी है और वो इसकी वजह से एशिया कप 2022 से बाहर हो गए हैं, लेकिन वर्ल्ड कप में अभी समय है और हम उन्हें बाहर नहीं मान सकते। वो मेडिकल टीम की निगरानी में हैं और मैं उन्हें अभी बाहर नहीं मान रहा हूं हालांकि इस पर काफी बातचीत के बाद ही तस्वीर साफ हो सकती है। राहुल द्रविड़ ने कहा कि हमारा मकसद एक ऐसी टीम बनाने पर है जो किसी भी कंडीशन में खेल सके। हमारा फोकस अब पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच पर है। हमारे पास एक अच्छी गेंदबाजी यूनिट है और सभी कुछ अच्छा हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। विराट कोहली के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी खिलाडि़यों से क्या बात होती है इसके बारे में मैं नहीं बता सकता, लेकिन पिछले मैच में हांगकांग के खिलाफ उन्होंने काफी अच्छा खेला था। विराट कोहली बड़ा प्रदर्शन करने को बेताब हैं और मैं खुश हूं कि उन्होंने अच्छा किया। ये इस बारे में नहीं है कि वो कितना रन बनाते हैं बल्कि इस बारे में है कि वो टीम की जीत में कितना सहयोग कर पाते हैं।

# टीम के सीईओ ने बताया 2023 IPL में सीएसके के कप्तान एमएस धौनी होंगे या कोई और

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की दूसरी सबसे सफल टीम के लिए आइपीएल 2022 का सीजन सबसे खराब रहा था। टीम ने पहले रवींद्र जडेजा को कप्तान बनाया और फिर कुछ मैचों के बाद जडेजा के कप्तानी छोड़ने के बाद महेंद्र सिंह धौनी को दोबारा यह जिम्मेदारी दे दी गई। बावजूद इसके टीम कप्तानी करेंगे। महेंद्र सिंह धौनी और सीएसके की बात करें तो दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। लेकिन 2022 में रवींद्र जडेजा को ठीक पहले मैच से पहले कप्तान बना दिया गया था। हालांकि जडेजा इस जिम्मेदारी को संभाल नहीं पाए और उन्होंने कप्तानी वापस एमएस धौनी को सौंप दी थी। धौनी की कप्तानी में सीएसके ने 4 बार आइपीएल की ट्राफी अपने



आइपीएल 2022 में कुछ खास नहीं कर पाई। इस सीजन के प्रदर्शन के बाद फैंस में इस बात को लेकर अटकलें बढ़ गई थी कि वह अगला सीजन खेलेंगे भी या नहीं और अगर खेलेंगे तो कप्तानी करेंगे या नहीं। लेकिन अब टीम के सीईओ ने इन तमाम अटकलों पर विराट लगा दिया है। उन्होंने जो बात कही है उससे फैंस की खुशी और भी बढ़ जाएगी। दरअसल टीवी टुडे नेटवर्क से बात करते हुए चेनन्ई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा है कि आइपीएल 2023 में महेंद्र सिंह धौनी ही सीएसके की नाम की है लेकिन टीम के लिए 2022 का सीजन अब तक का सबसे खराब सीजन रहा था। रवींद्र जडेजा की कप्तानी में सीएसके का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। सीएसके नें उनकी कप्तानी में 8 मैच खेले जिसमें से केवल 2 मैचों में उसे जीत हासिल हुई। टीम के इस खराब प्रदर्शन का असर उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में भी साफ नजर आ रहा था। इस कारण उन्होंने कप्तानी छोड़ दी थी। 2022 में चेनन्ई 14 मैचों में से केवल 4 जीत दर्ज कर प्वाइंट्स टेबल में 9वें नंबर पर रही थी।

# बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने टी20 को कहा अलविदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मुशफिकुर रहीम ने रविवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। एशिया



कप से बाहर होने के बाद उन्होंने यह निणन्य लिया है। इस बात की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से खुद मुशफिकुर ने दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ठमैं टी20 इंटरनेशनल से संन्यास की घोषणा करना चाहता हूं। मैं खेल के टेस्ट और वनडे प्रारूपों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। अवसर आने पर मैं फ्रेंचाइजी लीग खेलने के लिए उपलब्ध रहूंगा। क्रिकेट के दो प्रारुपों में टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं। एशिया कप में मुशफिकुर बांग्लादेश की टीम का हिस्सा थे। हालांकि वह बल्लेबाजी में कुछ खास नहीं कर पा रहे थे। एशिया कप के दो मैचों में उनके बल्ले से केवल 5 रन निकले थे। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में उन्होंने केवल 1 और श्रीलंका के खिलाफ मैच में 4 रनों की पारी खेली थी। लीग स्टेज के दोनों मैचों में बांग्लादेश को हार का सामना करना पड़ा था। पहले मैच में अफगानिस्तान ने 7 विकेट से तो दूसरे मैच में श्रीलंका ने 2 विकेट से टीम को मात दी थी। 28 नवंबर 2006 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू करने वाले मुशफिकुर के टी20 करियर की बात करें तो उन्होंने अपने देश के लिए 102 मैच खेले। उन्होंने इन मैचों में 19.23 की औसत और 119.94 की स्ट्राइक रेट से 1,500 रन बनाए जिसमें 6 अर्धशतक शामिल है। पिछले तीन साल से टी20 क्रिकेट में उनका बल्ला खामोश था और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की तरफ से उन्हें आगामी टी20 वर्ल्ड कप में ड्रॉप करने की तैयारी भी चल रही थी। 2019 के बाद से क्रिकेट के इस फॉर्मेट में उनके बल्ले से केवल दो अर्धशतक निकले थे। पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में भी उन्होंने अपनी टीम को निराश किया था और 8 इनिंग्स में 113.38 की स्ट्राइक रेट से केवल 144 रन बनाए थे।

# पाकिस्तान के खिलाफ विराट की नजर इस खास रिकॉर्ड पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप से पहले विराट कोहली के फॉर्म को लेकर हो रही चर्चा पर दो मैचों के बाद



कुछ हद तक विराम लगा है। पाकिस्तान के खिलाफ 100वें मैच में जहां विराट कोहली ने 34 गेंदों पर 35 रन की पारी खेली तो वहीं हांगकांग के खिलाफ उन्होंने अर्धशतक लगाया। हांगकांग के खिलाफ मैच में विराट ने सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर न केवल 98 रनों की साझेदारी की बल्कि 44 गेंदों पर नाबाद 59 रनों की पारी भी खेली और अपने फॉर्म में आने की दस्तक दी। एकबार फिर पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 के इस मैच में टीम इंडिया को विराट कोहली से उम्मीदें हैं। विराट जिस तरह से हांगकांग के खिलाफ खेले थे उसको देखते हुए टीम को उनसे काफी उम्मीदें हैं। साथ ही इस मैच में विराट कोहली की नजर एक खास रिकॉर्ड पर होगी। दरअसल विराट टी20 इंटरनेशनल मैच में छक्कों के शतक से केवल तीन कदम दूर हैं। फिलहाल कोहली के नाम 101 टी20 मैचों में 97 छक्के हैं और 3 छक्का लगाते ही वह टी20 में रोहित शर्मा के बाद 100 छक्का लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हो जाएंगे। कोहली यदि पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 के इस मुकाबले में 3 छक्का लगाने में कामयाब हो जाते हैं तो टी20 फॉर्मेट में वह ऐसा करने वाले 10वें बल्लेबाज बन जाएंगे। वह डेविड वॉर्नर, क्रिस गेल और ओएन मॉर्गन जैसे खिलाडि़यों के क्लब में शामिल हो जाएंगे। इस सूची में न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल पहले नंबर पर हैं। उन्होंने 121 मैचों में 172 छक्के लगाए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। उनके नाम 134 मैचों में 165 छक्के हैं। तीसरे नंबर पर यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल हैं जिनके नाम केवल 79 मैचों में 124 छक्के हैं।

# राशिफल

**मेष-**:आज का दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

**वृष-**:आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

**मिथुन-**:आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा। दूसरों को यह बताने में जल्दबाजी न करें कि आज आप कैसा

**कर्क-**:आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा. राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा और कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**सिंह-**:आज आपके मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है. आप जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, यह फायदेमंद साबित होगा।

**कन्या-**:नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

**तुला-**:यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा. यदि आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल।

**वृश्चिक-**:आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु-**: आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। आपको कई अवसर प्राप्त होंगे और आपको वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा। प्रेमियों का समय सुखद रहेगा।

**मकर-**:आज आपको अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए. भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

**कुंभ-**:आपकी माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और आपके बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं. लेकिन भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

**मीन-**:आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करें तो करियर ।

# ब्रायन लारा होंगे सनराइजर्स हैदराबाद के नए कोच

**आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा को सनराइजर्स हैदराबाद ने आइपीएल के 2023 के सत्र के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टाम मूडी की जगह लेंगे। यह लारा का किसी टी-20 टीम के मुख्य कोच के रूप में पहला कार्यकाल होगा। वेस्टइंडीज का यह पूर्व कप्तान पिछले साल दिसंबर में रणनीतिक सलाहकार और बल्लेबाजी कोच के रूप में सनराइजर्स से जुड़ा था। सनराइजर्स की तरफ से कहा गया कि महान क्रिकेटर लारा आगामी आइपीएल सत्र के लिए हमारे मुख्य कोच होंगे। सूत्रों के अनुसार मूडी और सनराइजर्स ने आपसी सहमति से एक दूसरे से अलग होने का निणन्य किया। मूडी का सनराइजर्स के साथ 2013 से 2019 तक कार्यकाल रहा। इस दौरान टीम पांच बार प्लेऑफ में पहुंची और 2016 में चैंपियन बनी। उनकी जगह 2020 में ऑस्ट्रेलिया के ही ट्रेवर बेलिस को मुख्य कोच बनाया गया लेकिन मूडी ने पिछले साल निदेशक के रूप में सनराइजर्स में वापसी की थी। बाद में उन्हें मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। मूडी का मुख्य कोच के रूप में दूसरा कार्यकाल सफल नहीं रहा और उनकी टीम इस साल 10 टीमों के बीच आठवें स्थान पर रही थी। मूडी अब डेजर्ट वाइपर्स में क्रिकेट निदेशक का पद संभालेंगे जो कि आइएलटी-20 की फ्रेंचाइजी है।

# सुपर-4 मुकाबले में क्या है भारत और पाकिस्तान का मजबूत और कमजोर पक्ष

**आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में भारत और पाकिस्तान की टीम आमने-सामने होगी। दोनों ही टीमें एक हफ्ते पहले इसी मैदान पर भिड़ी थी जहां टीम इंडिया ने रोमांचक तरीके से पाकिस्तान को आखिरी ओवर में 5 विकेट से पटखनी दी थी। लेकिन इस बार दोनों ही टीमें बदले अंदाज की अनुपस्थिति में सबसे अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने पहले मैच में पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी थी। उन्होंने 4 ओवर की गेंदबाजी में 26 रन देकर 4 विकेट झटके थे। उम्मीद है वह उस गेंदबाजी को दूसरे मैच में भी जारी रखेंगे। रवींद्र जडेजा की अनुपस्थिति- पिछले मैच में जडेजा ने बल्ले से हार्दिक पांड्या का साथ दिया था और जीत में फॉर्म में न दिखे हो लेकिन पाकिस्तान की इस जोड़ी ने हर मैच में रन बनाए हैं। भारत के खिलाफ सुपर 4 के इस मुकाबले में भी गेंदबाजों के सामने यह जोड़ी बड़ी चुनौती साबित होगी। इस मैच में भी पाकिस्तान की टीम बहुत हद तक इस जोड़ी पर निर्भर करेगी। .नसीम शाह- भारत के खिलाफ पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले युवा गेंदबाज नसीम शाह







से मैदान में उतरेगी। जिस हांगकांग की टीम को भारत ने 40 रन से हराया था उसे पाकिस्तान की टीम 155 रन से हराकर सुपर 4 में पहुंची है। इस रोमांचक मुकाबले से पहले दोनों टीम के मजबूत और कमजोर पक्ष के बारे में जानते हैं। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या- ओपनिंग में रोहित और केएल राहुल इस एशिया कप में संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या की जोड़ी भारत के मीडिल ऑर्डर बल्लेबाजी को एक्स फैक्टर प्रदान करते हैं।.विराट कोहली-हांगकांग के खिलाफ मैच में विराट कोहली 59 रन बनाकर नाबाद लौटे थे। कई महीने बाद विराट की बल्लेबाजी में वो बात दिखी थी जिसके लिए वह जाने जाते हैं। ऐसे में सुपर 4 के इस मुकाबले में विराट, टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकते हैं। भुवनेश्वर कुमार- जसप्रीत बुमराह महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जडेजा चोट के कारण बाहर हो गए हैं। ऐसे में बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अलावा फील्डिंग में भी उनकी कमी टीम इंडिया को खलेगी। राहुल का फॉर्म- टीम इंडिया के लिए केएल राहुल का फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। फैंस को अब तक हुए दो मैचों में राहुल की बल्लेबाजी देखने को नहीं मिली है। फॉर्म की तलाश में केएल राहुल पाकिस्तान के खिलाफ वापसी करना चाहेंगे। अनुभवहीन गेंदबाज- टीम इंडिया में अनुभवी गेंदबाजों की कमी है। भुवी के अलावा अर्शदीप सिंह, आवेश खान जैसे गेंदबाज इस बड़े मैच में पाकिस्तान के खिलाफ दबाव को कैसे सोखते हैं इस बात की बड़ी चुनौती रहेगी। जडेजा के नहीं होने से यह चुनौती और भी बढ़ गई है। फखर जमां और रिजवान- बाबर आजम भले ही इस एशिया कप में पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने हांगकांग के खिलाफ भी शानदार गेंदबाजी जारी रखी थी। ऐसे में टीम इंडिया के टॉप थ्री बल्लेबाजों को इस गेंदबाज से बचना होगा। खुशदिल शाह- पाकिस्तान के इस बल्लेबाज ने हांगकांग के खिलाफ 15 गेंदों पर 35 रन की तूफानी पारी खेली थी और अच्छे तरीके से फिनिश किया था जिसकी कमी भारत के खिलाफ पहले मैच में देखने को मिली थी। शाहीन अफरीदी- शाहीन अफरीदी के न होने से पाकिस्तान की गेंदबाजी लाइनअप कमजोर है। पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने भी कह दिया है कि मौजूदा गेंदबाज उनकी कमी को पूरी नहीं कर सकता है। शाहीन नई गेंद से जिस प्रकार विकेट लेते हैं उसकी कमी पाकिस्तान को इस मैच में भी खलेगी।

आधुनिक समाचार
हिन्दी साप्ताहिक



# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए है। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008- टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।













आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।










आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।







स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एस.के गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायों मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :- इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :- इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए
visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274